हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 109, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 17 अक्टूबर, 2023 दिन मंगलवार | गाजीपुर/वाराणसी

## सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ करेगी चुनावी बॉन्ड केस की सुनवाई

### मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 30 अक्टूबर की तारीख तय की

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों के चंदे से संबंधित चुनावी बॉन्ड योजना को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। इस मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 30 अक्टूबर की तारीख तय की है। वही, कोर्ट ने इस मामले को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के पास भेज दिया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि जरूरी है कि राजनीतिक पार्टियों की फंडिंग से जुड़े इस मामले को एक बड़ी पीठ के पास भेजा जाए। बता दें कि



जनहित याचिका याचिकाकताओं में से एक ने मार्च में कहा था कि चुनावी बांड के माध्यम से अब तक राजनीतिक दलों को 12,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है और दो-तिहाई राशि एक प्रमुख राजनीतिक दल को गई है। कुछ दिनों पहले सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर वकील प्रशांत भूषण ने दलील दी कि 2024 के आम चुनाव के लिए यह योजना शुरू होने से पहले इसका न्यायिक परीक्षण जरूरी है। गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से पेश प्रशांत भूषण ने कहा था कि चुनावी बॉन्ड के जरिये अज्ञात स्त्रोतों से होने वाली फंडिंग भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है और भ्रष्टाचार मुक्त देश में रहने के नागरिकों के अधिकार का हनन कर रही है। यह संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है।

## देवेश दुबे ने अखिलेश यादव से मिलने से किया इनकार, कहा- सपा सरकार में ही हुआ हमारा उत्पीड़न

देवरिया। फतेहपुर नरसंहार में मारे गए पीड़ित परिवार के देवेश दुबे ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिलने से इनकार कर दिया है। अब वह अपने गांव फतेहपुर के लेहड़ा टोला नहीं जाएंगे। रामनाथ देवरिया में एक आवास में ठहरे देवेश ने बताया कि वर्ष 2014 में समाजवादी पार्टी की सरकार थी उसी वक्त हमारे पिता सत्य प्रकाश दुबे ने सरकार से गुहार लगाई थी कि हमारी भूमि जबरिया दबंग प्रेमचंद यादव द्वारा बैनामा कराया जा रहा है, लेकिन उस वक्त कोई सुनवाई नहीं हुई। देवेश का आरोप है कि दबंग प्रेमचंद यादव के दबाव में जमीन बैनामा करा दिया गया। उस घटना को भूल नहीं पा रहा। देवेश ने आरोप लगाया कि यदि अखिलेश यादव की सरकार में बैनामा नहीं हुआ होता तो यह नरसंहार नहीं होता। जब उनकी ही सरकार में मेरे परिवार के साथ उत्पीड़न हुआ तो किस मुंह से मुझसे मिलने के लिए आ रहे हैं। मैं उनसे किसी भी हाल में मिलने के लिए तैयार नहीं हूं। देवेश दुबे ने कहा कि समाजवादी पार्टी के लोग मुझसे मिलने के लिए आए थे उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव आपसे मिलना चाहते हैं लेकिन मैंने साफ-साफ आज निर्णय किया कि अखिलेश यादव से नहीं मिलेंगे। क्योंकि उनकी ही सरकार में हम लोगों के साथ ज्यादती हुई थी।

## हिंदू राष्ट्र की बात करने वाले चाहते हैं बंटवारा प्राण प्रतिष्ठा को बताया ढोंग : स्वामी प्रसाद

बांदा। बांदा जिले में भाजपा को घेरते हुए सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्या ने कहा कि भाजपा सरकार करोड़ों लोगों का रोजगार छीनकर पांच किलो चावल में उन्हें उलझाए है। युवाओं को आस्था नहीं विज्ञान की ओर प्रेरित करने का काम करना चाहिए। राष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने फिर से रामायण की चौपाई को कहकर विवादित बयान को दोहराया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान कहता है कि धर्म, जाति, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता है। इसलिए यदि कोई हिंदू राष्ट्र की बात करता है, तो दूसरे धर्म के लोग भी यह कर सकते हैं। ऐसी बात करने वाले लोग बंटवारा चाहते हैं। राष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मौर्य ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। भारत-पाकिस्तान का बंटवारा भी हिंदू महासभा की इसी मांग की वजह से हुआ था। इसीलिए भारत पाकिस्तान अलग-अलग हुए। भाजपा सरकार संविधान का अपमान कर मनमानी करने की फिराक में है। मौर्य ने रामायण की चौपाई कहकर फिर विवादित बयान भी दिया। उन्होंने कहा कि पिछड़ों के साथ हमेशा भेदभाव हुआ है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का ढोंग रचकर युवाओं



और देश के लोगों को ठगने का काम सरकार कर रही है। 88 करोड़ बेरोजगारों को पांच किलो मुफ्त अनाज में उलझाये है। धर्म कि राजनीति कर भाजपा इन युवाओं का भविष्य बिगाड़ रही है। युवाओं को आस्था नहीं विज्ञान की ओर ले जाना चाहिए। इस कार्यक्रम को बाबा साहेब आंबेडकर वाहिनी राष्ट्रीय सचिव व मुख्य संरक्षक मान सिंह पटेल, संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश बौद्ध, पूर्व मंत्री शिव शंकर पटेल, सपा जिलाध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा, मेघनाद खंगार ने भी संबोधित किया।

## विवाहित महिला को 26 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति देने से सुप्रीम इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने विवाहित महिला को 26 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति देने से इनकार किया। कोर्ट ने सोमवार को कहा कि भ्रूण में कोई विसंगति नहीं देखी गई। गर्भावस्था 24 सप्ताह से अधिक की हो गई है, इसलिए चिकित्सकीय गर्भपात की अनुमति नहीं दी जा सकती। शीर्ष अदालत ने कहा कि महिला का गर्भ 26 सप्ताह और पांच दिन का हो गया है। इस मामले में महिला को तत्काल कोई खतरा नहीं है और यह भ्रूण में विसंगति का मामला नहीं है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ दो बच्चों की मां को 26-सप्ताह का गर्भ समाप्त करने के शीर्ष अदालत के नौ अक्तूबर के आदेश को वापस लेने की केंद्र सरकार की याचिका पर जिरह सुन रही थी। पीठ ने गुरुवार को इसी मामले पर सुनवाई करते हुए कहा था कि हम बच्चे को नहीं मार सकते। साथ ही पीठ ने कहा था कि एक अजन्मे बच्चे के अधिकारों और स्वास्थ्य के आधार पर उसकी मां के निर्णय लेने के अधिकारों के बीच संतुलन स्थापित करने की जरूरत है। यह मुद्दा उस वक्त उठा, जब अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मेडिकल बोर्ड के एक चिकित्सक ने 10 अक्तूबर को एक ई-मेल भेजा था। इसमें कहा गया था कि इस चरण पर गर्भ समाप्त करने पर भ्रूण के जीवित रहने की प्रबल संभावना है। इससे पहले बोर्ड ने महिला की जांच की थी और छह अक्तूबर को शीर्ष अदालत के सामने रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। मामला न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ के पास तब आया, जब बुधवार को दो न्यायाधीशों की पीठ ने महिला को 26-सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति देने के अपने नौ अक्तूबर के आदेश को वापस लेने की केंद्र की याचिका पर खंडित फैसला सुनाया।

## पूर्व सीएम अखिलेश यादव के समर्थकों का काफिला पुलिस ने रोका, धरने पर बैठे लोग

गोरखपुर। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सीएम अखिलेश यादव सोमवार को गोरखपुर से होते हुए देवरिया जा रहे हैं। ऐसे में गोरखपुर एयरपोर्ट के पहले एम्स थाने के पास अखिलेश यादव के समर्थकों का काफिला पुलिस ने रोक दिया। कुछ देर तक समर्थकों और पुलिस के बीच बहस हुई। इसके बाद कुछ समर्थक सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। वहीं पुलिस शांति व्यवस्था बनाने में जुटी रही। थोड़ी देर बाद पुलिस ने सिर्फ 10 वाहनों को साथ जाने दिया गया। इसके बाद भी समर्थक प्रदर्शन करते रहे। पांच मिनट बाद सभी को जाने की इजाजत दे दी गई। बता दें कि देवरिया में पूर्व सीएम के आगमन के संबंध में रविवार की शाम से गांव के चप्पे-चप्पे पर सख्त पहरा लगा दिया गया था। देर शाम तक आईजी जे रविंद्र गौड़ ने रुद्रपुर कोतवाली में पुलिस कर्मचारियों के साथ बैठक की और कार्यक्रम का खाका तैयार किया था।

## 'कोई संघर्षविराम नहीं', हमास के साथ लड़ाई रोकने के किसी समझौते से इस्त्राइल का साफ इनकार

येरुशलम। इस्त्राइल पर हमास की ओर से हमला शुरू किए अब 10 दिन हो चुके हैं। इस हमले की वजह से इस्त्राइल में अब तक 1400 लोगों की जान जा चुकी है। दूसरी तरफ इस्त्राइल की तरफ से गाजा पट्टी पर किए गए पलटवार में मौतों का आंकड़ा अब 2500 के करीब पहुंच चुका है। यह स्थिति तब है, जब इस्त्राइल की ओर से गाजा पर सिर्फ हवाई हमले किए गए हैं। बताया गया है कि इस्त्राइली सेना जल्द ही गाजा पर समुद्र और जमीनी मार्ग से भी हमला कर सकती है। इन स्थितियों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस्त्राइल को सतर्क रहने और गाजा में किसी तरह के कब्जे को गलत करार दिया है। गाजा पट्टी में इजराइल की बमबारी के बीच फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी के लिए काम करने वाले कर्मचारियों ने रविवार को कहा कि वहां पर हालात बेहद खराब हैं। उन्होंने



बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा बुजुर्गों के लिए खाद्यान्न, पानी और दवाओं की तत्काल आपूर्ति करने की अपील की। यूएन रिलीफ एंड वर्क्स एजेंसी फॉर पेलेस्टाइन रिफ्यूजीस इन नियर ईस्ट (यूएनआरडब्ल्यूए) ने गाजा में फलस्तीनी शरणार्थियों के समर्थन में आपात अपील जारी कर कहा कि गाजा पट्टी में हिंसा में भारी वृद्धि का खामियाजा लाखों फलस्तीनी शरणार्थी भुगत रहे हैं। गाजा के खान युनिस में यूएनआरडब्ल्यूए आश्रय गृह की प्रमुख राविया हलास ने एक वीडियो में कहा, कृपया गाजा को बचा लें। मैं आपसे विनती करती हूं, गाजा को बचाएं। यह मर रहा है। यूएनआरडब्ल्यूए ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह वीडियो साझा किया है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुतारेस ने हमास से सभी बंधकों को बिना किसी शर्त के तुरंत रिहा करने की अपील की और इजराइल से गाजा पट्टी में नागरिकों तक त्वरित और निर्बाध मानवीय मदद पहुंचाने की अनुमति देने का आग्रह किया। हमास शासित गाजा पट्टी में लगभग 23 लाख लोग रहते हैं, जहां पूरी तरह से घेराबंदी कर दी गई है।

## सुप्रीम कोर्ट से मिली कांग्रेस नेता खेड़ा को राहत, पीएम मोदी के खिलाफ टिप्पणी मामले में सुनवाई को तैयार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़े एक मामले में सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। दरअसल, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दी है। दरअसल, हाईकोर्ट ने मोदी के खिलाफ विवादित टिप्पणी मामले में खेड़ा के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद्द करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने हाईकोर्ट के 17 अगस्त के आदेश को चुनौती देने वाली खेड़ा की याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी करके जवाब मांगने का आदेश दिया। हाईकोर्ट ने 17 अगस्त को खेड़ा की याचिका को खारिज कर दिया था। उसने कहा था कि मामले के जांच अधिकारी की ओर से जुटाए गए सबूतों का मूल्यांकन मामले को रद्द करने के लिए सीआरपीसी की धारा 482 के तहत दायर याचिका में नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया था कि सुप्रीम कोर्ट ने खेड़ा को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लखनऊ के समक्ष सभी शिकायतें उठाने के लिए कहा है इसलिए वे अपनी सभी शिकायतें मजिस्ट्रेट कोर्ट में उठाएं। 20 मार्च को, सुप्रीम कोर्ट ने असम और



उत्तर प्रदेश में दर्ज तीन मामले को एक साथ करबा दिया था और उनकी अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाते हुए मामले को लखनऊ के हजरतगंज पुलिस स्टेशन में ट्रांसफर कर दिया था। इस मामले में लखनऊ कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी। पीएम पर टिप्पणी के लिए खेड़ा अदालत में बिना शर्त माफी मांग चुके हैं।

## कांग्रेस ने जारी की मिजोरम के लिए पहली चुनावी सूची, 39 उम्मीदवारों का एलान

आइजोल। कांग्रेस ने मिजोरम विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है। 40 विधानसभा सीटों वाले इस राज्य में कांग्रेस ने 39 उम्मीदवारों के नाम का एलान किया है। पार्टी ने सिर्फ लुंगलेई साउथ सीट पर प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची के अनुसार, ललसावता को आइजोल पश्चिम-3 विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया है। आइजोल पूर्व-1 से ललसंगलरा रातले, आइजोल पश्चिम-1 से आर. ललबियाकथांगा और पलाक से आईपी जूनियर को उम्मीदवार बनाया गया है। मिजोरम की सभी 40 विधानसभा सीटों के लिए सात नवंबर को मतदान होगा तथा तीन दिसंबर को मतगणना होगी। मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल 17 दिसंबर को खत्म होगा। पूर्वोत्तर के इस राज्य में मिजो नेशनल फ्रंट सत्ता में है। राज्य में पिछले चुनाव 28 नवंबर 2018 को हुए थे। इस चुनाव



में 40 सदस्यीय विधानसभा में एमएनएफ को 27 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस ने चार सीटें, जबकि भाजपा को एक सीट पर विजय मिली थी। इसके अलावा आठ सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशियों को जीत मिली थी। इसके साथ ही राज्य में मुख्यमंत्री जोरमथंगा के नेतृत्व में एमएनएफ की सरकार बनी थी। वर्तमान में सियासी समीकरण की बात करें तो, इस वक्त 40 सदस्यीय मिजोरम विधानसभा में एमएनएफ के 28, कांग्रेस के पांच, जेडपीएम के एक और भाजपा के एक विधायक हैं। पांच सीट पर निर्दलीय विधायक हैं। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला एमएनएफ, जेडपीएम, कांग्रेस और भाजपा के बीच होने की उम्मीद है। इस वक्त राज्य में एमएनएफ की सरकार है जिसके सामने चुनाव में अपनी सत्ता बचाने की चुनौती होगी। राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री जोरामथंगा हैं। एमएनएफ इस बार भी उनके चेहरे के साथ ही चुनाव में जाएगी। इससे पहले चार अक्तूबर को 40 सदस्यीय मिजोरम विधानसभा के लिए एमएनएफ ने सभी सीटों पर नामों की घोषणा की थी।

## अग्निवीर शहीद अमृतपाल सिंह के घर पहुंचे सीएम भगवंत मान, परिवार को सौंपा एक करोड़ का चेक



चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सोमवार को मानसा के गांव कोटली कलां के 19 साल के अग्निवीर शहीद अमृतपाल सिंह के घर पहुंचे और परिवार से सांत्वना जताई। सीएम ने परिवार को एक करोड़ रुपये का चेक भी सौंपा। अमृतपाल सिंह 10 दिसंबर 2022 को भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। 11 अक्तूबर को गोली लगने से बलिदान दिया। शहीद अमृतपाल सिंह की बहन कनाडा में रहती हैं। पिता गुरदीप सिंह ने कहा कि अमृतपाल ने अपनी भतीजी की शादी के लिए छुट्टी ली थी। कनाडा में रहने वाली बहन और अमृतपाल सिंह एक साथ घर आने वाले थे। अमृतपाल सिंह के शुक्रवार को हुए अंतिम संस्कार के दौरान सेना की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर नहीं दिए जाने पर पंजाब के विपक्षी दलों ने दुख जताया है। हालांकि सेना ने बयान जारी कर अमृतपाल की मौत सर्विस राइफल से लगी गोली से होना बताया है। ऐसे में मौजूदा नीति के अनुसार गार्ड ऑफ ऑनर नहीं देने की बात कही है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी कहा कि उनकी सरकार इस मामले पर केंद्र के समक्ष कड़ी आपत्ति जताएगी। मान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में आगे कहा कि अमृतपाल की शहादत के संबंध में सेना की जो भी नीति हो, लेकिन उनकी सरकार की नीति शहीद के लिए वही रहेगी और राज्य की नीति के अनुसार सैनिक के परिवार को 1 करोड़ रुपये की सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अमृतपाल सिंह देश के शहीद हैं।

## देवरिया सामूहिक हत्याकांड के पीड़ितों से मिले पूर्व सीएम अखिलेश, घटना स्थल का किया मुआयना


देवरिया। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सीएम अखिलेश यादव सोमवार को देवरिया पहुंचे। वह फतेहपुर गांव में हुए सामूहिक हत्याकांड में पहले सत्यप्रकाश दूबे के घर गए। वहां उन्होंने पहले पहले नरसंहार में मारे गए दूबे परिवार के पांचों मृतकों के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वह घर के अंदर पहुंचे और वहां बिखरे सामान आदि को देखकर वह हैरान रह गए। इसके बाद अखिलेश यादव अभयपुर टोला स्थित पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमचंद यादव के घर पहुंचे। वहां मृतक पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेम यादव के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके दौरान प्रेम की पत्नी शीला और दो बेटियों मौजूद रहीं। अखिलेश यादव ने उन्हें ढांढस बंधाया। बता दें कि पूर्व सीएम के आगमन के संबंध में रविवार की शाम से गांव के चप्पे-चप्पे पर सख्त पहरा लगा दिया गया था। देर शाम तक आईजी जे रविंद्र गौड़ ने रुद्रपुर कोतवाली में पुलिस कर्मचारियों के साथ बैठक की और कार्यक्रम का खाका तैयार किया था। बता दें कि देवरिया जिले में रुद्रपुर



कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर गांव में 2 अक्तूबर को सुबह छह बजे जमीन के विवाद में एक पूर्व जिला पंचायत सदस्य की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी गई थी। इससे गुस्साएं पूर्व जिला पंचायत सदस्य के पक्ष के लोग दूसरे पक्ष के घर में घुसकर पति, पत्नी और उसकी तीन संतानों को गोली मारकर और धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी थी, जबकि एक बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसका इलाज बीआरडी में चल रहा है।

## अंडरवर्ल्ड डॉन बबलू गैंगस्टर कोर्ट में किया गया पेश, पुलिस छावनी में तब्दील रही कचहरी

प्रयागराज। अंडरवर्ल्ड माफिया बबलू श्रीवास्तव को पुलिस सोमवार को दो बजे के बाद इलाहाबाद जिला न्यायालय स्थित गैंगस्टर कोर्ट में पेश किया गया। भोर में ही उसे बरेली से कौशाम्बी जेल लाया गया था। वहां से कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस उसे लेकर इलाहाबाद कचहरी पहुंची। आरोपी बबलू श्रीवस्तव की कारोबारी पंकज महिंद्रा अपहरण कांड मामले में गवाही होनी है। माफिया को गैंगस्टर अदालत के विशेष न्यायधीश विकास कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट में पेश किया गया। अंडरवर्ल्ड डॉन बबलू श्रीवास्तव को कौशाम्बी जिला जेल में रखा गया था। दोपहर 12 बजे पुलिस उसे जेल से निकालकर प्रयागराज रवाना होगी। काफिले की सुरक्षा में चार सब इंस्पेक्टर एक इंस्पेक्टर और 40 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। डिप्टी एसपी रैंक के एक अधिकारी भी सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए हैं। इलाहाबाद जिला कोर्ट भी छावनी में तब्दील है। कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी गई है। आठ साल पहले हुए सरार्फा कारोबारी पंकज महेंद्रा अपहरण कांड में अंडरवर्ल्ड डॉन बबलू श्रीवास्तव की सोमवार को गवाही होनी है। गैंगस्टर स्पेशल कोर्ट में उसे पेश किया गया। पांच सितंबर 2015 की रात दुकान बंद करके



कार से घर जाते समय सराफा व्यवसायी को अगवा किया गया था। सराफा व्यवसायी पंकज महिंद्रा की जवाहर स्क्वायर कोतवाली क्षेत्र में ज्वैलरी की दुकान थी। बदमाशों ने उनकी कार संगम स्थित बंधवा में लेटे हनुमान मंदिर के पास छोड़ दी थी। फिरौती के रूप में 10 करोड़ रुपये मांगे गए थे। बाद में पुलिस ने फतेहपुर जिले के एक फार्म हाउस में रात को छापा मारा तो सराफ पंकज महिंद्रा बंधे पड़े थे।

**संपादकीय**

## भारत-श्रीलंका के बीच नौका सेवा से आर्थिक रिश्तों का खुलेगा नया अध्याय

कई बार सामान्य लगने वाली कोई पहलकदमी दो देशों के बीच संबंधों के नए आयाम रचती है। हालांकि यह इस बात पर निर्भर करता है कि उसके जरिए दोनों देश आगे का कौन-सा रास्ता अख्तियार करते हैं। शनिवार को भारत और श्रीलंका के बीच शुरू हुई नौका सेवा की व्यावहारिक अहमियत यही है कि इससे एक बार फिर दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों को नई दिशा मिलेगी। इससे राजनयिक मोर्चे पर भी संबंधों का नया सिरा खुलेगा। गौरतलब है कि तमिलनाडु के नागपट्टिनम से लेकर श्रीलंका के जाफना के पास कांकेसंतुरई तक नौका सेवा की शुरुआत को दोनों देशों के बीच संबंधों में नई शुरुआत माना जा रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा भी कि हम भारत और श्रीलंका के बीच राजनयिक और आर्थिक संबंधों का एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं और यह इस मामले में एक मील का पत्थर साबित होगा। इसके अलावा, विदेश मंत्रालय ने भी नौका सेवा की शुरुआत को लोगों के बीच संपर्क को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। यों भी, संपर्क कायम रखने के मामले में सहजता दोनों देशों के बीच साझेदारी का एक केंद्रीय विषय रही है, क्योंकि यह व्यापार, पर्यटन से लेकर लोगों के बीच संवाद की नई स्थितियों की रचना करती है। वहीं युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करने में भी यह काफी सहायक होती है। पड़ोसी होने के नाते भारत और श्रीलंका के लिए यह राजनयिक के साथ-साथ भौगोलिक दृष्टि से भी एक जरूरी पहलू हो जाता है। इस लिहाज से पिछले करीब एक दशक में दोनों देशों के बीच परिवहन संपर्क के स्तर पर सहयोग में बढ़ोतरी हुई है। सन 2015 में भारत के प्रधानमंत्री ने जब श्रीलंका की यात्रा की थी, तब दिल्ली और कोलंबो के बीच सीधी विमान सेवा की शुरुआत हुई थी। बाद में 2019 में चेन्नई और जाफना के बीच में सीधी उड़ान शुरू हुई। अब नागपट्टिनम और कांकेसंतुरई के बीच नौका सेवा को इसी दिशा में एक कड़ी माना जा सकता है। दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक रूप से संस्कृति, सौहार्द और सहयोग आधारित संबंध रहे हैं। बीच में उपजी कुछ आशंकाओं के बाद अब फिर संबंधों में मजबूती के नए दरवाजे खुलते दिख रहे हैं। दरअसल, बीते कुछ सालों के दौरान अपनी आंतरिक परिस्थितियों और समीकरणों की वजह से श्रीलंका का झुकाव चीन की ओर हुआ था। इस क्रम में चीन ने आर्थिक व्यूह-रचना के बूते श्रीलंका को अपने दायरे में बांधने की पूरी कोशिश की। हालांकि उसके बाद के नतीजा यह होना चाहिए था कि श्रीलंका की माली तस्वीर सुधरती। मगर इसके उलट, भारी कर्ज की वजह से आर्थिक मोर्चे पर उसकी हालत यह हो गई कि पिछले साल वहां एक तरह से जनविद्रोह हो गया और व्यापक अराजकता फैल गई थी। उससे संभलने और उबरने में श्रीलंका को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। अब श्रीलंका चीन के जाल से बाहर आने के लिए नए सिरे से खड़ा होने की कोशिश कर रहा है। भारत की ओर उसके बढ़ते कदमों को इसका संकेत माना जा सकता है। कुछ समय पहले श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की भारत यात्रा के दौरान भी दोनों देशों ने आर्थिक साझेदारी के लिए दृष्टि-पत्र अपनाने की घोषणा की थी। उस दौरान बनी सहमति के बाद अब उम्मीद की जानी चाहिए कि नौका सेवा से भारत-श्रीलंका के बीच संपर्क बढ़ेगा, व्यापार को रफ्तार मिलेगी एवं लंबे समय से कायम रिश्ते और मजबूत होंगे।

## महाराष्ट्र विस अध्यक्ष की सियासी चुप्पी से सुप्रीम कोर्ट नाराज, दिया कड़ा संदेश

अदालती फैसलों और निदेर्शों को नजरअंदाज करना जैसे सत्तासीन लोगों की आदत हो गई है। अक्सर वे न्यायालय के निदेर्शों पर टालमटोल करते देखे जाते हैं। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष का रवैया भी कुछ वैसा ही है। इस पर नाराजगी जताते हुए सर्वोच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि विधानसभा अध्यक्ष इस तरह न्यायालय के निदेर्शों को नजरअंदाज और निष्प्रभावी करने की कोशिश नहीं कर सकते। न्यायालय ने विधानसभा अध्यक्ष को एक हफ्ते के भीतर समय-सीमा तय करने को कहा है। दरअसल, महाराष्ट्र में शिवसेना से अलग होकर छप्पन विधायकों ने भाजपा से हाथ मिला लिया और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में सरकार बन गई। इस पर शिवसेना ने विधानसभा अध्यक्ष से गुहार लगाई कि वे अलग हुए विधायकों को अयोग्य घोषित करें। इस संबंध में चौंतीस अर्जियां लगाई गई हैं, मगर विधानसभा अध्यक्ष ने उन पर ध्यान नहीं दिया। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय से अपील की गई कि वह विधानसभा अध्यक्ष को विधायकों की अयोग्यता संबंधी अर्जियों पर फैसला सुनाने का आदेश दे। मई में जब सर्वोच्च न्यायालय ने उद्धव ठाकरे सरकार गिराने के मामले में सुनवाई करते हुए फैसला दिया, तभी विधानसभा अध्यक्ष को भी निर्देश दिया था कि वे विधायकों की अयोग्यता संबंधी मामले में फैसला सुनाएं। उस निर्देश के बाद करीब पांच महीने बीत गए, मगर विधानसभा अध्यक्ष यही कहते रहे हैं कि समय आने पर वे इस मामले में फैसला सुनाएंगे। अब सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि विधानसभा अध्यक्ष ऐसा कह कर नहीं टाल सकते। यह फैसला अगले विधानसभा चुनाव से पहले हो जाना चाहिए, नहीं तो फिर उसका कोई संवैधानिक महत्त्व नहीं रह जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय ने हालांकि यह भी कहा कि वह विधानसभा अध्यक्ष के संवैधानिक अधिकार क्षेत्र में दखल नहीं दे रहा, मगर जहां कहीं संवैधानिक मूल्यों का हनन होता है, वहां उसे दखल देना भी पड़ता है। यह सर्वोच्च न्यायालय की कठोर टिप्पणी है। उम्मीद की जाती है कि महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष इसे गंभीरता से लेंगे। मगर महाराष्ट्र में जिस तरह के राजनीतिक समीकरण बने हुए हैं, उसमें विधानसभा अध्यक्ष किस हद तक संवैधानिक मूल्यों की रक्षा कर पाएंगे, देखने की बात है। मामला केवल शिंदे के साथ गए विधायकों की अयोग्यता का नहीं, राकांपा से अलग होकर शिंदे सरकार में शामिल हुए विधायकों का भी है। मगर विधानसभा अध्यक्ष इन दोनों मामलों में चुप्पी साधे हुए हैं, तो इसकी वजह भी प्रकट है। जिस तरह एकनाथ शिंदे की अगुआई में शिवसेना के विधायक कई दिनों तक अलग-अलग शहरों में भागते फिर रहे थे और उनका आतिथ्य भाजपा के लोग संभाले हुए थे, उसी से जाहिर हो गया था कि उद्धव ठाकरे की सरकार को गिराने की साजिश रची गई है। फिर जिस नाटकीय ढंग से एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाया गया, उसके बाद अनेक संवैधानिक सवाल उठने शुरू हो गए थे।

# दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारतीय संसद में सवाल पूछने के एवज में पैसा लेना दुर्भाग्यपूर्ण

वैश्विक स्तरपर भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र और सबसे अधिक जनसंख्यिकियतंत्र वाला देश है जो हर भारतीय को गौरवविंत करने वाले दुर्लभ पलों में से एक है। परंतु वर्तमान स्थिति और 1951, 2005 के कुछ संसदीय घटनाओं को अगर हम देखते हैं तो, असमंजस में पड़ जाते हैं कि गर्व करें या दुर्भाग्यपूर्ण मानें? या नेंट कि ज़िंन सांसदों को हम वोट देकर उन्हें चुनकर पवित्र संसद की दहलीज तक इसउद्देश्य से पहुंचाते हैं कि हमारे लोकसभा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे राष्ट्र के विकास में हमारे प्रतिनिधि महत्वपूर्ण योगदान देंगे। संसद के प्रश्नकाल और शून्यकाल ध्यानाकर्षण काल में भी हमारे संसदीय क्षेत्र की कठिनाइयों के मुद्दे उठाकर हमारी समस्याओं को राष्ट्रीय स्तरपर संज्ञान में लेंगे और उच्च स्तरपर मिलकर उनका निदान करने में कोई कौर कसर नहीं छोड़ेंगे, परंतु जिस प्रकार से आज दिनांक 15 अक्टूबर 2023 नवरात्रि घट स्थापना के प्रथम दिन देर शाम बिहार के एक सांसद द्वारा बंगाल की एक सांसद पर पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने का मामला उठाया और लोकसभा अध्यक्ष को री इमरजेंस आफ नैस्टी कैश फॉर क्वेरी इन पार्लिया के टाइटल से चिट्ठी लिखी उसे सारा देश फिर एक बार स्तब्ध रह गया है, क्योंकि 25 दिसंबर 1951 में जब देश आम चुनाव भी नहीं हुए थे एक प्रोविजनल सांसद बनाई गई थी उस समय भी एक सदस्य को धन लेकर एक बिजनेसमैन के लिए संसद में प्रश्न पूछने के आरोप में उसकी संसद सदस्यता समाप्त कर दी गई थी फिर 2005 में भी 10 लोकसभा और एक राज्यसभा सांसद की सदस्यता इसी मुद्दे पर समाप्त कर दी गई थी। अभी फिर एक बार यह मुद्दा आया है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।बड़े बुजुर्गों की कहावत है के धुआं वहीं से उठता है जहां आग लगती है, वाली कहावत यहां जरूर चरितार्थ होते देख रही है। उधर बंगाल की उस संसद सदस्य और प्रख्यात उद्योगपति द्वारा खंडन कर दिया है। चूंकि पैसे लेकर पवित्र संसद में सवाल पूछने का मुद्दा फिर आज उठा है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,1951 भारत में पहला आम चुनाव भी नहीं हुआ था तब बिजनेसमैन से धन लेकर सवाल पूछनेपर उनसे सदस्यता वापस ली थी,वह अभी तक शुरू रहना दुर्भाग्यपूर्ण है, कैश फॉर क्वेरी इन पार्लियामेंट।



साथियों बात अगर हम लोकसभा राज्यसभा विधानसभा में प्रश्न काल और शून्य काल क्या होता है, इसको समझने की करें तो, सदन की कार्यवाही के दौरान किसी भी सत्र में कुछ टर्म होते हैं जैसे प्रश्न कल शून्य काल ध्यानाकर्षण काल इत्यादि। सदन सुबह 11 बजे खुलता है और शाम 6 बजे बंद होता है, इस अवधि में जो काम होते हैं उन्हें सदन की कार्यवाही कहते हैं। इस कार्यवाही को दो खेमों में बांटा जाता है। पहली और दूसरी पाली जो भोजन अवकाश से पहले और बाद में होती है। पहली पारी 11 से 1 और दूसरी पाली 2 से 6 तक होती है। पहली पारी में दो काल होते हैं प्रश्न काल और शून्य काल इसमें 11 से 12 तक प्रश्नकाल होता है, जिसमें सदस्य प्रशासन और सरकार के कार्यवाही से संबंधित सवाल कर सकते हैं और सत्ता पक्ष इसका जवाब देने के लिए उत्तरदाई है। शून्य काल 12 से 1 बजे तक होता है इसकी सूचना पहले से देने की जरूरत नहीं होती तत्काल सार्वजनिक मुद्दों पर प्रश्न उठाए जा सकते हैं परंतु इसे सुबह 10 बजे इसका नोटिस, पास करते हैं तो प्रश्न उठाया जा सकता है वरना नहीं।

साथियों बात कर हम एक संसद सदस्य द्वारा दिनांक 15 अक्टूबर 2023 को स्पीकर को एक सांसद लिखने की करें तो, स्पीकर से मांग की कि जांच के लिए कमेटी बनाई जाए और उन्हें सदन से निलंबित किया जाए। स्पीकर को 'री-इमरजेंस ऑफ नेस्टी कैश फॉर क्वेरी इन पार्लियामेंट' टाइटल से चिट्ठी लिखी है। इसमें विशेषाधिकारों के गंभीर उल्लंघन, सदन के अपमान और आईपीसी की धारा 120 ए के तहत आपराधिक केस की बात कही है। अपने लैटर के साथ एक एडवोकेट की चिट्ठी भी लगाई है। इसमें लिखा है- ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने मेहनत से रिसर्च की है, जिसके आधार पर उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि हाल तक उन्होंने संसद में कुल 61 में से करीब 50 प्रश्न पूछे। इनमें बिजनेस और उनकी कंपनी के व्यावसायिक हितों की रक्षा करने या उन्हें कायम रखने के इरादे से जानकारी मांगी गई थी। पहले भी ऐसा मामला सामने आया था। अपने लैटर में उन्होंने ये भी बताया कि 14वीं लोकसभा के दौरान 12 दिसंबर 2005 को भी ऐसा ही मामला सामने आया था। तब स्पीकर ने उसी दिन जांच कमेटी का गठन कर दिया था। साथ ही 23 दिसंबर 2005 को 10 सांसदों को 23 दिन के लिए निलंबित कर दिया गया था। इसी सदन ने 'कैश फॉर क्वेश्चन' मामले में 11 सांसदों की सदस्यता रद्द कर दी थी। आज भी यह चोरी नहीं चलेगी। एक बिजनेसमैन हमारे लिए खराब है, लेकिन दूसरे से 35 जोड़ी जूते लेने में उन्हें कोई गुरेज नहीं है। मिसेस (इमेल्डा) मार्कोस की तरह हर्मीस, गुच्ची बैग, पर्स, कपड़े और हवाला का पैसा काम नहीं करेगा। सदस्यता चली जाएगी, कृपया प्रतीक्षा करें।

साथियों बात अगर हम इस मुद्दे पर आरोपित संसद और बिजनेस मैन द्वारा द्वारा अपनी सफाई पक्ष रखने की करें तो,उन्होंने एक्स पर लिखा- फेक डिग्री वाले और एक पार्टी के कई नेताओं के खिलाफ विशेषाधिकार हनन के मामले लंबित हैं। अगर स्पीकर उन सबसे निपट लेते हैं तो मैं अपने खिलाफ किसी भी प्रस्ताव का स्वागत करूंगी। प्रवर्तन निदेशालय के मेरे दरवाजे पर आने और अन्य लोगों द्वारा एक उद्योगपति कोयला घोटाले में एफआईआर दर्ज करने का भी इंतजार कर रही हूं।

साथियों बात अगर हम इसमें पूर्व भी ऐसे मुद्दे होने की करें तो, वर्ष 1951 के बाद से लोकसभा और राज्यसभा से 16 सांसदों की सदस्यता जा चुकी है। उन्हें अयोग्य ठहराया जा चुका है। पहला मामला 25 सितंबर 1951 का है। संयोग ये सबसे पुरानी बड़ी पार्टी के ही थे। उनका नाम एचजी मुदगल था। उन्हें संसद में सवाल पूछने के एवज में पैसा लेने के कारण लोकसभा से हटाया गया। उन्हें अयोग्य करार करके सदस्यता ले ली गई। तब तक देश में पहला आमचुनाव नहीं हुआ था. देश में प्रोविजनल सरकार थी।उन्हें सवाल पूछने के लिए किसी बिजनेसमैन से धन मिला था। दिसंबर 2005 में 10 लोकसभा और 1 राज्यसभा सांसद की सदस्यता की सदस्यता रद्द कर दी गई थी, इन सांसदों पर आरोप था कि इन्होंने संसद में सवाल पूछने के लिए पैसे लिए थे।

## वैश्विक भूख सूचकांक 2023 में भारत की स्थिति पड़ोसियों से भी खराब बताना हास्यप्रद!

वैश्विक स्तरपर एक और जहां चंद्रयान-3 सूर्ययन दिल्ली घोषणा पत्र, पी-20 घोषणा पत्र, एशियन गेम्स में 107 मेडल, आज 14 अक्टूबर 2023 को पड़ोसी मुल्क से क्रिकेट में रिकॉर्ड जीत, विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था, विश्व बैंक की सुदृढ अर्थव्यवस्था, महंगाई दर कंट्रोल का वक्तव्य सहित अनेकों ऐसे ताजा उदाहरण हैं, जिसमें भारत की गौरव गाथा को बयान किया गया है, तो दूसरी ओर दिनांक 12 अक्टूबर 2023 को वैश्विक भूख सूचकांक 2023 की रिपोर्ट जारी की गई है जिसमें भारत की हालत पाकिस्तान बांग्लादेश श्रीलंका और नेपाल से भी बदत्तर बताई गई है। यानें 125 देश के हंगर इंडेक्स में भारत की रैंकिंग 111 है जो पिछले साल से भी चार पायदान नीचे खिसक गई है। दूसरे शब्दों में श्रीलंका पाकिस्तान बांग्लादेश नेपाल की स्थिति भारत से बेहतर बताई गई है जो सुनने में हास्यप्रद लगता है, जिसपर भारत ने इस हंगर रिपोर्ट 2023 को खारिज कर दिया है और भुखमरी मापन के तौर तरीकों पर सवाल खड़े किए हैं। वैसे भी देखा जाए तो हम टीवी चैनलों पर आए दिन देखते रहते हैं कि पड़ोसी मुल्कों में भूख के हालात कैसे हैं, जो डिलीवरी ट्रक पर से भी बोरियों को मारामारी कर उठाया जाता है, बेतहाशा महंगाई, वैसे ही श्रीलंका की कुछ माह पूर्व की हालत पूरे विश्व ने देखी थी। फि र भी भारत को सूचकांक में इनसे भी बहुत कम रैंकिंग पर रखा गया है जो अपने आप में बहुत हास्यास्पद लगना स्वाभाविक है। जबकि अभी कुछ महापूर्व संयुक्त राष्ट्र ने अपने ऑथराइज्ड बयान में कहा था कि भारत में पिछले 15 वर्षों में 37.5 करोड लोग गरीबी रेखा के ऊपर आए हैं और भारतीय नीति आयोग ने कुछ महीने पूर्व कहा था भारत पिछले 5 वर्षों में 13 .5 करोड लोग गरीबी रेखा के ऊपर आए हैं।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की बैठक सम्पन्न

मिजार्पुर। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान अक्टूबर 2023 के हेतु अन्तर्विभागीय साप्ताहिक जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी के समक्ष अन्तर्विभागीय गतिविधियों पर गहन चर्चा की गयी। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग नोडल विभाग है। जिसका कार्य संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार केसों की निगरानी, रोगियों के उपचार की व्यवस्था, रोगियों के निःशुल्क परिवहन हेतु रोगी वाहन सेवा की व्यवस्था, वाहक नियंत्रण गतिविधियों-ग्रामीण क्षेत्रों में वाहक के घनत्व का आँकलन, स्त्रोतों में कमी, लार्वा रोधी गतिविधियों तथा आवश्यकतानुसार फागिंग, प्रचार प्रसार एवं व्यवहार परिवर्तन गतिविधियाँ तथा मानीटरिंग, पर्यवेक्षण, रिपोर्टिंग, अभिलेखीकरण एवं विश्लेषण करना है। पंचायतीराज विभाग द्वारा 346 हैण्डपम्प की मरम्मत, 287 हैण्डपम्प प्लेटफार्म का निर्माण, ग्रामप्रधान द्वारा माइकिंग का आयोजन का लक्ष्य निर्धारित है। प्राथमिक शिक्षा विभाग द्वारा 1816 विद्यालय में बच्चों को संचारी रोग के सम्बन्ध में जानकारी देना है। आई.सी.डी.एस. विभाग द्वारा कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की पहचान करना तथा अति कुपोषित बच्चों को एन0आर0सी0 भेजने का निर्देश दिया गया। कृषि विभाग द्वारा 180 जागरूकता/गोष्ठी के आयोजन का लक्ष्य है, जिसमें वह कृंतक जीवों के नियंत्रण एवं उनसे होने वाली बीमारियों की चर्चा करेंगे। नगरपालिका एवं नगर पंचायत विभाग द्वारा शहरी क्षेत्रों 25 वार्ड में नालियों की सफाई एवं फागिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान को सफल बनाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने समस्त विभागों से सहयोग की अपेक्षा की है एवं आवश्यक सहायता का भरोसा दिया। उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी नोडल वेक्टरबार्न डा0 गुलाब वर्मा द्वारा अभियान के विषय में गहन चर्चा एवं संचारी रोगों के विषय में क्या करें क्या न करें बताया गया। माह अक्टूबर 2023 में दिनांक-03 से 31 अक्टूबर 2023 तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तृतीय चरण संचालित किया जा रहा। दस्तक अभियान के तहत फन्ट लाइन वर्कर्स (आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती) प्रतिदिन कालाजार एवं फाइलेरिया के विषय में लोगों को जागरूक करेंगी एवं बुखार रोगियों की सूची, आई0एल0आई0 (एनफ्लुएन्जा लाइक इलनेस ) रोगियों की सूची, क्षय रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची, कुपोषित बच्चों की सूची, क्षेत्र वार ऐसे मकानो की सूची जहाँ घरो के भीतर मच्छरो का प्रजनन पाया जाता है कि सूची प्रतिदिन कार्य की समाप्ति पर क्षेत्रीय ए0एन0एम0 के माध्यम से ब्लाक मुख्यालय पर निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध करायेंगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह संयुक्त मजिस्ट्रेट आलाके प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सी0एल0 वर्मा, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# जनता के नाम जेल में लिखे संजय सिंह के संदेश को घर-घर पहुंचाएगी आप : पवन कुमार तिवारी

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्रान्त अध्यक्ष आप काशी प्रान्त ,जिला प्रभारी आप वाराणसी उत्तर प्रदेश पवन कुमार तिवारी अधिवक्ता उच्च न्यायालय ने कहा की जनता के नाम जेल में लिखें संजय सिंह के संदेश को घर-घर पहुंचाएगी आप संजय सिंह की गिरफ्तारी गैर-संवैधानिक, बिना समन के साजिशन किया गया गिरफ्तार प्रान्त अध्यक्ष प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष , जिला अध्यक्ष बीजेपी की फितरत रही है जहां जनता वोट नहीं दे रही वहां विपक्ष के नेताओं को ईडी से गिरफ्तार करा लो`

आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी सांसद संजय सिंह द्वारा जेल में लिखें जनता के नाम संदेश को कार्यकर्ता पम्पलेट्स के जरिये घर-घर पहुँचाएंगे` संजय सिंह अपने जेल पत्र से जनता को अवगत कराएंगे कि मोदी सरकार ने उन्हें क्यों गिरफ्तार किया है ? जेल पत्र में उल्लेख है कि हमारा गुनाह सिर्फ इतना है कि जनता की आवाज को अपनी आवाज दी मोदी ,अडानी के भ्रष्टाचार की पोल खोली ` किसान, नौजवान, कर्मचारी, दलित, वंचित, शोषित हर वर्ग के लोगों की आवाज को सड़क से सदन तक बेखौफ होकर उठाया और आखरी सांस तक आगे भी उठाता रहूँगा`

जिलाध्यक्ष आप वाराणसी इं० रमाशंकर सिंह पटेल ने कैण्टोनमेण्ट स्थित फूड कोर्ट रेस्टोरेंट में सोमवार को पत्रकार वार्ता कर ये जानकारी दी उन्होंने कहा संजय सिंह की गिरफ्तारी गैर संवैधानिक है बिना समन के साजिशन उन्हें गिरफ्तार किया गया है` 2024 में मोदी इंडिया गठबंधन



से चुनाव हार रहे हैं इसी बौखलाहट में इंडिया की मजबूत आवाज संजय सिंह को गिरफ्तार किया गया है भाजपा के दबाव में काम कर रही है इसलिए सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार करने से पहले समन तक नहीं भेजा गया भाजपा की फितरत रही है जहां जनता वोट नहीं दे रही वहां विपक्ष के नेताओं को ईडी से गिरफ्तार करा लो` संजय सिंह लगातार मोदी, अडानी के भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ते रहे और उन्होंने अडानी के घोटाले के साक्ष्य ईडी के सामने प्रस्तुत की लेकिन अडानी के खिलाफ कार्रवाई न करते हुए मोदी के दबाव में आकर संजय सिंह को ही गिरफ्तार करवा दिया`

जिला महासचिव आप वाराणसी प्रो० अखिलेश पाण्डेय ने कहा सासद संजय सिंह के खिलाफ यह मामला फर्जी, बेबुनियाद और राजनीति से प्रेरित है हम लोग इससे डरने वाले नहीं है संजय सिंह की फर्जी गिरफ्तारी को लेकर कार्यकताओं और जनता में भारी गुस्सा है` जगह-जगह आंदोलन, प्रदर्शन किये जा रहे हैं पूरा देश सांसद संजय सिंह के साथ खड़ा है मोदी की तानाशाही से डरने वाले नहीं है इस तानाशाही के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी`

वरिष्ठ उपाध्यक्ष आप काशी प्रान्त कैलाश पटेल ने कहा कि तथाकथित शराब घोटाले के मुख्य अभियुक्त ने 14 बार ईडी को बयान दिए लेकिन उन बयानों में कभी संजय सिंह का नाम नही लिया संजय सिंह को गिरफ्तार करने के मकसद से अचानक अभियुक्त से जबरन सांसद संजय सिंह के खिलाफ बयान दिलवाया गया` 12 घंटे चली ईडी की रेड मे संजय सिंह के घर से कुछ नहीं मिला बिना सबूत के ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया` पत्रकार वार्ता में भारतेन्दु तिवारी जिला मीडिया प्रभारी, आर्यन मौर्या कार्यकारिणी सदस्य काशी प्रान्त, अमर सिंह पटेल पूर्व विधायक प्रत्याशी पिण्डरा विधानसभा, शारदा टण्डन पूर्व मेयर प्रत्याशी वाराणसी ,पवन कुमार तिवारी जिला प्रभारी आप वाराणसी उत्तर प्रदेश , इं० रमाशंकर सिंह पटेल जिलाध्यक्ष आप वाराणसी , प्रो० अखिलेश पाण्डेय जिला महासचिव आप वाराणसी , कैलाश पटेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष आप काशी प्रान्त ,अर्पित साहू जिला सचिव प्रयागराज, राकेश यादव कार्यकारिणी सदस्य काशी प्रान्त, पियूष श्रीवास्तव अध्यक्ष उत्तरी विधान सभा ,रौनक साहू सहित इत्यादि आप वाराणसी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अरविन्द कुमार सिंह बने प्रयागराज, आजमगढ़, वाराणसी के मण्डल अध्यक्ष



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद गाजीपुर के कार्यालय विकास भवन पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह को प्रयागराज, आजमगढ़, वाराणसी का मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर सम्मानित किया गया। अरविंद कुमार सिंह विगत वर्षों से लगातार उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद वर्ष 2016 से वर्ष 2022 से अब तक अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं,और वर्ष 2020 से वर्ष सितंबर 2023 तक क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोनीत रहे, उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष गिरिजा शंकर तिवारी व महामंत्री गिरीश चंद्र मिश्रा द्वारा अरविंद कुमार सिंह के कर्मठता, व संघर्षता को देखते हुए, वाराणसी, सहित प्रयागराज, आजमगढ़ मंडलीय अध्यक्ष दिनांक 13 अक्टूबर 2023 को मनोनीत किया गया, जिससे कर्मचारी परिषद गाजीपुर में हर्ष का माहौल है, जिसके क्रम में आज अरविंद कुमार सिंह को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया, उक्त कार्यक्रम में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव जिला मंत्री ओंकार नाथ पांडे, आलोक कुमार राय, सुभाष सिंह, देवेंद्र मौर्या, अभय सिंह, राम अवतार, हनुमान, कुंदन सिंहा, राजेश श्रीवास्तव, अमित कुमार, गोविंद कुमार, विनोद पांडे, रामधनी, रमेश यादव, रविशंकर कुशवाहा, संजय यादव,संतोष कुशवाहा, आदि लोग उपस्थित रहे ।

## रामपुर माझा पुलिस ने किया सवा किलो हेरोईन, सफारी गाड़ी संग 04 अभियुक्तगण गिरफ्तार



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में सोमवार को थाना प्रभारी रामपुरमाँझा व प्रभारी स्वाट, सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए मुखबिरी सूचना के आधार पर कुल 1170 ग्राम नाजायज हेरोईन व अपराध में प्रयुक्त 01 अदद वाहन सफारी यूपी50एपी0010 के साथ 04 नफर अभियुक्त राजेश सिंह यादव उर्फ रंगीला यादव पुत्र स्व0 सीताराम यादव नि0 ग्राम देवकली थाना रामपुर मांझा जनपद गाजीपुर, अंकित सिंह पुत्र रविन्द्र नाथ यादव निवासी देवकली थाना रामपुर मांझा गाजीपुर, मनोहर लाल पुत्र हीरा लाल ग्राम बिनोलिया थाना अकलेरा जनपद झालावाड़ राजस्थान, दुर्गा लाल पुत्र फूल सिंह निवासी जिकडिया थाना गाटोली जनपद झालावाड़ राजस्थान को नियमानुसार मलिकशाहपुर बहद रेलवे अण्डर पास थाना रामपुरमाँझा जनपद गाजीपुर रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया। मौके का फायदा उठाकर एक अभियुक्त सुभाष यादव पुत्र स्व0 सीताराम यादव निवासी ग्राम देवकली थाना रामपुर माझाँ जनपद गाजीपुर भागने में सफल रहा । अभियुक्तगण के विरुद्ध फर्द के आधार पर थाना स्थानीय पर धारा 8/21एनडीपीसी एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक रामाश्रय राय प्रभारी स्वाट/सर्विलांस मय टीम, थानाध्यक्ष रामपुरमाँझा जितेन्द्र कुमार मय टीम शामिल रहे।

## जिले के वार्ड नं 17 के जिला पंचायत सदस्य अजय शर्मा ने पत्रकार मोहन राजभर का जाना कुशलछेम



प्रखर संतकबीरनगर। जिले के जिला मुख्यालय से युवा पत्रकार मोहन राजभर जिनकी अचानक तबीयत खराब हो गई खलीलाबाद मे कई अस्पतालों पर हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरो ने लखनऊ के लिए रेफर कर दिया था जहां पर उनका ऑपरेशन हुआ आपको बताते चले की पत्रकार मोहन राजभर के पेट में पथरी के कारण गांठ बन गया था जिसे जांच रिपोर्ट में डॉक्टरों द्वारा कैंसर की आशंका जताई जा रही थी जिस कारण खलीलाबाद से उन्हें लखनऊ के लिए रेफर किया गया था लखनऊ के प्राइवेट हॉस्पिटल सत्यार्थ कैंसर हॉस्पिटल में जांच के बाद बड़ा ऑपरेशन हुआ जहां पर ऑपरेशन सफल हुआ और अब लखनऊ से डिस्चार्ज होने के बाद अपने निवास स्थान सियरासाथा चौराहे पर पहुंचे जहां पर जिले के वार्ड नंबर 17 के जिला पंचायत सदस्य अजय शर्मा उनके घर पहुंच कर उनके कुशलक्षेम जाना और हर समस्याओं के साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया वही आपको बताते चले की जिले के वरिष्ठ समाजसेवियों में जिला पंचायत सदस्य अजय शर्मा का भी नाम आता है गरीब असहायों के साथ हमेशा खड़ा रहते है पत्रकार मोहन राजभर की बात की जाए तो जिला पंचायत सदस्य अजय शर्मा ने उनके साथ हमेशा खड़े रहने का आश्वासन भी दिया कहा कि कहीं भी किसी प्रकार की अगर आवश्यकता पड़ती है तो हमेशा आगे रहेंगे और मोहन राजभर के इलाज में लापरवाही नहीं की जाएगी।

# सी.डी.ओ. की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों के विरुद्ध लम्बित जांच कार्यों से सम्बन्धित हुई बैठक



प्रखर संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों के विरुद्ध प्रचलित जांच कार्यों से सम्बन्धित लम्बित शिकायतों के निस्तारण हेतु नामित जांच अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुयी। बैठक में जिला पंचायतराज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि शपथ पत्र पर प्राप्त कुल 91 के सापेक्ष 17 शिकायतो की जांच आख्या प्राप्त हुई है, 74 शिकायतों की जाँच आख्या लम्बित है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त जांच अधिकारियो को निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों की जांच आख्या 01 सप्ताह में उपलब्ध करायें जिससे लम्बित शिकायतों का निस्तारण कराया जा सके । कतिपय जांच अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायतो से अभिलेख प्राप्त न होने के कारण जांच नही हो पा रही है। इस सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित सहायक विकास अधिकारी (पं०) एवं खण्ड विकास अधिकारी को अभिलेख न मिलने के सम्बन्ध में अवगत कराये। सम्बन्धित सहायक विकास अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी द्वारा सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के अभिलेख उपलब्ध कराया जायेगा। यदि फिर भी अभिलेख नही मिलते है तो इस सम्बन्ध में लिखित रूप से अवगत कराया जाये जिससे सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जा सके। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जो जांच अधिकारी जनपद से बाहर स्थान्तरित हो गये है उनके स्थान पर जांच अधिकारी यथा शीघ्र नामित करा दिया जाये। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी पी.के. यादव, समाज कल्याण अधिकारी महेन्द्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी पी.सी. विश्वकर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी सिंचाई सौरभ, ए.आर. कोआपरेटिव हरि प्रसाद, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार मिश्र, अधिशाषी अभियन्ता पी.डब्ल्यू.डी, जिला उद्यान अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## पीजी कालेज धरना के पांचवें दिन छात्रों ने आंदोलन उग्र करने की दी चेतावनी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पीजी कॉलेज के प्रांगण में छात्रों ने पांचवें दिन सोमवार को भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। सभी छात्रों ने छात्रहित में उठाये गये मुद्दों से सम्बंधित नारा लिखे तख्तियों के साथ नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। बता दें कि छात्र विगत पांच दिनों से 32 सूत्रीय मांगों के सम्बन्ध में धरना दे रहे हैं । पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन का ऐसे ही तानाशाही रवैया छात्रों के प्रति रहा और छात्रसंघ चुनाव कराने में देरी कि तो हम सभी छात्र आगामी दिनों महाविद्यालय में होने वाली परीक्षा रोकने को बाध्य होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होंगी। छात्र नेता विकास यादव ने कहा कि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहा है महाविद्यालय प्रशासन इस वजह से बीपीई का प्रवेश परीक्षा लेंने के बावजूद अभी तक एडमिशन नहीं लिया है। और जानकारी हासिल करने पर छात्रों को भगा दिया जा रहा है जिसे छात्र बर्दाश्त नहीं करेंगे। वही छात्र नेता निलेश बिन्द ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन अपनी नाकामी को छिपाने में लगा हुआ है, जिस वजह से धरना स्थल पर आकर छात्रों से बातचीत भी करना उचित नहीं समझ रहा है। छात्र नेता जितेंद्र राय ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन छात्रों कि मांग कि अनदेखी कर छात्रों को उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर कर रहा है जिसमें किसी प्रकार कि कोई भी क्षति होती है उसका जिम्मेदार महाविद्यालय प्रशासन व जिला प्रशासन होगा। छात्रों कि प्रमुख मांग मुख्य रूप से छात्र संघ चुनाव कराने, प्राचार्य के महाविद्यालय में समय से आने कि मांग, टीसी चरित्र शुल्क कम करने कि मांग,बीपीई प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर प्रवेश लेने,अवैध वसूली बंद करनें, फीस वृद्धि वापस लेंने, पुस्तकालय में नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत पुस्तकें उपलब्ध कराने, कालेज कि वेबसाइट पर सभी सूचना और नई फीस विवरण उपलब्ध कराने, कालेज के कैमरों को ठीक करने के साथ ही महाविद्यालय के गलियारों में सीसीटीवी कैमरे लगाने,साइकिल स्टैंड फीस कम करने, कालेज कि वेबसाइट को सरल करने, कालेज की वेबसाइट पर शिकायत पोर्टल उपलब्ध कराने के साथ ही महाविद्यालय में आफलाइन शिकायत काउन्टर बनाने, स्नातक द्वितीय, तृतीय स्नातकोत्तर द्वितीय में प्रवेश फार्म शुल्क निशुल्क करने, आरो वाटर मशीन लगाने कि मांग, महाविद्यालय में पठन-पाठन का माहौल बनायें तथा सभी शिक्षक व कर्मचारी समय से आने व विभाग खोलने सहित आदि मांग है।

## मशहूर चिकित्सक और काशी के समाजसेवी, प्रमुख गेम प्रोमोटर डा. अशोक सिंह को मिली इन्टरनेशनल कैरम फेडरेशन में जगह

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी । जाने माने चिकित्सक प्रमुख समाज सेवी तथा अग्रणी पंक्ति के गेम प्रोमोटर डाक्टर अशोक कुमार सिंह को इन्टरनेशनल कैरम फेडरेशन में भी शामिल कर लिया गया है काशी के किसी व्यक्ति को इन्टरनेशनल फेडरेशन पहली बार जगंह मिलने के इस गौरव पूर्ण समाचार से वाराणसी सहित उत्तर प्रदेश के कैरम खेल जगत में भारी खुशी की लहर है` उक्त जानकारी देते हुये सोमवार कों उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन के अध्यक्ष और आल ईन्डिया कैरम फेडरेशन के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट बैजनाथ सिंह ने बताया कि कैरम खेल के प्रमोशन में विगत एक दशक से भारी योगदान देने वाले डाक्टर अशोक सिंह को आल ईन्डिया कैरम फेडरेशन ने विगत 27 अगस्त को दिल्ली में हुये फेडरेशन के चुनाव के बाद हुई अपनी पहली बैठक में जहां लगातार तीसरी बार एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट नामित किया तो वहीं



कैरम जगत में उनके अमूल्य योगदान को देखते हुये गत वर्ष मार्च में वाराणसी में हुये आल ईन्डिया फेडरेशन कप कैरम टूनार्मेंट के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में स्विट्जरलैंड से वाराणसी पधारे इन्टरनेशनल प्रेसिडेंट जोसेफ मेयर और इन्टरनेशनल सेक्रेरी जनरल वी0डी0 नारायण ने डाक्टर अशोक सिंह को इन्टरनेशनल फेडरेशन में लाने का मन बना लिया था।

## पीजी कालेज के पूर्व प्राचार्य डा0 आर एस लाल की धर्मपत्नी का स्वर्गवास

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। डॉक्टर रमाशंकर लाल पूर्व प्राचार्य पीजी कॉलेज गाजीपुर निवासी शास्त्री नगर की धर्मपत्नी कृष्णावती श्रीवास्तव का आज शास्त्री नगर स्थित आवास पर प्रातः 6 बजे स्वर्गवास हो गया हैं, जिससे पूरे मुहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम दाह संस्कार आज शाम को काशी में मणिकर्णिका घाट पर किया गया' अखिल भारतीय कायस्थ महासभा गाजीपुर उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने महासभा के तमाम कार्यकताओं के साथ उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया और श्रद्धांजलि अर्पित किया ।

## दहेज के चलते विवाहिता की हत्या मायके वालों ने लगाए पति व ससुराल वालों पर आरोप

प्रखर मिजार्पुर। जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र में पुरैनिया गांव की रहने वाली भगवंती देवी पत्नी रामबली सोनी ने अपनी पुत्री अंबिका का विवाह रामजी पुत्र जैधर सेठ निवासी वीरपुर थाना कोतवाली देहात मिजार्पुर से किया था, इन लोगों का आरोप है कि अंबिका की हत्या उसके ससुराल वालों द्वारा कर दी गई। मृतक विवाहिता के परिजनों द्वारा बताया गया की उन्होंने अपनी पुत्री का विवाह 2015 में किया, लेकिन विवाह के समय ससुराल वालो ने दहेज की बात नही की। लेकिन विवाह के कुछ समय बाद से ही मृतका के पति व ससुराल वालो द्वारा प्रताड़ित करना शुरू कर दिया गया। परिजनों का यह भी आरोप है कि मृतका के पति द्वारा कई बार उसे घर से बाहर भी ले जाकर छोड़ दिया गया था, जिसके बाद 2018 परिजनों द्वारा नजदीकी थाने में तहरीर भी दी गई थी, लेकिन उस



समय समझौता करा दिया गया था। 1 अक्टूबर 2023 को अचानक मध्य रात्रि में घर वालो को सूचना मिलती है कि उनकी पुत्री अंबिका रात 11 बजे से बेहोश है। जिसके बाद परिजन अगले दिन सुबह जिला अस्पताल पहुंचते है। जहा अंबिका की हालत नाजुक अवस्था में थी। अंबिका को मिजार्पुर जिला अस्पताल से रेफर कर दिया गया था। रेफर करने के पश्चात अंबिका के परिजनों द्वारा उसे वाराणसी के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान अंबिका की मृत्य हो गई। वही अंबिका के परिजनों द्वारा यह भी बताया गया अंबिका के गले व शरीर के कई अंगों पर चोट के निशान है और पुलिस प्रशासन द्वारा मामले को रफा दफा करने की कोशिश को जा रही है। हालाकि समाचार लिखे जाने तक पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में लगी थी।

## इंटरनेट एडिक्शन एक मनोवैज्ञानिक बीमारी: प्रो. अजय प्रताप सिंह

प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संकाय भवन के कांफ्रेंस हाल में सोमवार को जनसंचार विभाग एवं साइबर क्लब द्वारा साइबर अपराध से बचाव हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान संकाय के अध्यक्ष प्रो. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि लोगों में इंटरनेट एडिक्शन बढ़ता जा रहा है। मनोविज्ञान में अब डीएसएम 5 के तहत इंटरनेट एडिक्शन एक बीमारी के अंतर्गत आ गई है। उन्होंने कहा कि असली दुनिया को छोड़कर इंटरनेट की आभासी दुनिया में लोग अपना बहुत सारा समय अनावश्यक बर्बाद कर रहे हैं और साइबर अपराध के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें यह तय करना होगा कि इंटरनेट फ्री है या हम फ्री हैं। जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र ने कहा कि समय बदल रहा है। मोबाइल और इंटरनेट हमारे जीवन का अभिन्न अंग बनते जा रहे



हैं। आए दिन साइबर अपराध के मामले हमारे आस-पास सुनने को मिलते है। ऐसे में आवश्यकता है कि हम स्वयं से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि अगर हमारे साथ साइबर अपराध हो जाता है तो हमें बिना किसी डर या शर्म के उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध से बचने के लिए जागरूकता ही महत्वपूर्ण है। मुख्य वक्ता साइबर क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने कहा कि इंटरनेट पर हमें अपनी निजता स्वयं से निर्धारित करनी होगी। सोशल मीडिया पर जिन लोगों से परिचित न हों उनके रिक्वेस्ट या मैसेज पर कभी भी प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने तमाम तरह के साइबर अपराधों के बारे में बताया और बचाव हेतु सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि अपनी किसी भी निजी तस्वीर को साझा नहीं करना चाहिए। वित्तीय साइबर फ्रॉड होने पर भारत सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल संपर्क करें। कार्यक्रम का संचालन संस्कार श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डॉ. अनु त्यागी, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. मनोज कुमार पांडेय, डॉ. राहुल राय और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रशासन विभाग पर स्वरचित पुस्तक भेंट किया गया




प्रखर पूर्वांचल गोरखपुर। आईजीएल के वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को अपनी स्वरचित पुस्तक - भारतीय कारखानों के कार्यालय प्रबंधन की प्रशासनिक पद्धति और प्रक्रिया, ( Administrative method and procedure of office management in Indian factories ) पर आधारित पुस्तक को सप्रेम भेंट किया।

## डीएम व पुलिस अधीक्षक ने विन्ध्याचल नवरात्र मेला का भ्रमण कर किया निरीक्षण

प्रखर मिजार्पुर। मां विन्ध्यावासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल में शारदीय नवरात्र मेला के शुरू होते हुवे जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पूरे मेला क्षेत्र यथा-विन्ध्याचल परिक्रमा पथ, मन्दिर परिसर, न्यू0वी0आई0पी0 मार्ग, पुरानी वी0आई0पी0 मार्ग, कोतवाली मार्ग, पक्काघाट, बालू घाट, अखाड़ा घाट पर भ्रमण कर की गयी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा मां विन्ध्यवासिनी देवी का दर्शन के लिये कतार में खड़े दर्शनार्थियो से वार्ता कर की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी भी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने अपने निरीक्षण के दौरान कालीखोह मन्दिर परिसर व उसके आस पास का भी निरीक्षण करते हुये कालीखोह पर बनाये गये जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट के अस्थायी कार्यालय के पास एक एम्बुलेंस अनवरत खड़ा रहने का निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा तत्काल एम्बुलेंस की व्यवस्था कर वहां पर खड़ा कराया गया। अष्टभुजा पहाड़ी के ऊपर निरीक्षण के दौरान रैन बसेरा के सामने गंगा दर्शन पार्क में अनाधिकृत रूप से मोटरसाइकिल व कुछ चार पहिया वाहन खड़ा किये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये सेक्टर मजिस्ट्रेट अथवा पुलिस अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि रैन बसेरा के पहले ही बनाये गये पार्किंग में ही मोटरसाइकिल अथवा चार पहिया वाहन को खड़ा कराया जाय। रैन बसेरा के पहले लगाये गये बैरियर आगे कोई भी वाहन नही जायेगा। उन्होने बैरियर पर खड़े पुलिस कर्मियो व सम्बन्धित अधिकारी को इस सम्बन्ध में कड़ी हिदायत दी। अष्टभुजा मन्दिर के नीचे की तरफ पहुंचकर पार्किंग स्थल, रोपवे के सामने बनाये गये रैन बसेरा व अष्टभुजा की सीढ़ियो पर साफ सफाई आदि की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया कुछ सफाई कर्मी को एक ही स्थल पर इकट्ठा देखकर जिलाधिकारी ने कड़ी हिदायत देते हुये अष्टभुजा मन्दिर के नीचे की तरफ सीढ़ियो से नीचे तक अलग-अलग स्थानों पर रहकर सफाई किया जाय कुछ दुकानदारो के द्वारा डस्टबिन रखे जाने पर डस्टबिन रखने के निर्देश दिये गये।

# सीता स्वयंवर व धनुष यज्ञ में रावण और बाणासुर में हुआ जमकर संवाद

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। स्थानीय तहसील के अति प्राचीनतम सेवराई गढ़ी ग्राम रामलीला समिति द्वारा रविवार की रात्रि सीता स्वयंवर व धनुष यज्ञ रामलीला का जीवंत मंचन किया गया ।रामलीला को देखने के लिए जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह सहित हजारों महिला व पुरुषों की भीड़ लगी रही । रामलीला की शुरूआत मिथिला नरेश जनक द्वारा सतानंद को बुलाकर महर्षि विश्वामित्र के पास भेजा । जनक द्वारा अपनी पुत्री सीता का विवाह के लिए भगवान शंकर का अत्यंत भारी व वजनी धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाने वाले से सीता का विवाह करने के लिए धनुष यज्ञ व सीता स्वयंवर आयोजन किया गया था । धनुष यज्ञ की सूचना पर दीप दीप से राजा व देव, दनुज मानव का रूप धारण कर ल पधारे हुए थे ।वही ब्रह्मर्षि नारद भ्रमण करते हुए जब मिथिला में पहुंचे तो धनुष यज्ञ के आयोजन को देखकर लंका नरेश



रावण व पंपापुर में बाणासुर को भी इसकी सूचना दे दी। धनुष यज्ञ के आयोजन में रावण और बाणासुर एक ही समय पहुंचने के कारण दोनों लोगों में जमकर संवाद हुआ । रावण ज्योहि धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाने के लिए आगे बढ़ा आकाशवाणी होती है कि हे रावण तुम्हारी बहन कुंभिनिशा को "मैं" नामक राक्षस हरण करके ले जा रहा है। इस तरह रावण और बाणासुर भी धनुष की प्रत्यंचा नहीं चढ़ा सके । तब मिथिला नरेश जनक ने बंदीजन को बुलाकर स्वयंवर में एक बार पुनः अपने प्रतिज्ञा को दोहराने का आदेश दिया । आदेश मिलने के बाद बंदीजन स्वयंवर में पहुंचकर सभी राजाओं को ललकारते हुए राजा की प्रतिज्ञा को स्वयंवर में पधारे राजाओं को सुनाया । बारी-बारी से सभी राजा प्रयास किए लेकिन कोई भी शिव के विशाल धनुष को तिल भर भी हिला तक नहीं सका । तब मिथिला नरेश जनक की चिंता बढ़ती गयी और सभी राजाओं को धिक्कारते हुए कहा कि आप सभी लोग वापस जाएं क्योंकि अब मुझे विश्वास हो गया है कि पृथ्वी बीरों से विहीन हो चुकी है । यह बात सुनते ही विश्वामित्र के साथ आए लक्ष्मण ने जनक के इस बात को विरोध करते हुए कहा कि जिस सभा में एक भी रघुवंशी क्षत्रिय हो वहां पर महाराज जनक द्वारा ऐसी बात नहीं कहा जाना चाहिए ,यदि गुरु का आदेश मिले तो इस छोटी सी धन्वी क्या बिसात है पूरा ब्रह्मांड एक पल में मैं उठा सकता हूं । विश्वामित्र ने उचित समय जानकर श्रीराम को आदेश दिया कि हे राम तुम जाकर शिव के धनुष की प्रत्यंचा को चढ़ाकर महाराजा जनक के संताप को दूर करो । महर्षि विश्वामित्र का आदेश मिलते ही श्रीराम को धनुष उठाते ही तेज आवाज के साथ धनुष खंड खंड हो गया जनक नंदिनी सीता ने श्रीराम के गले में वरमाला डाली । मिथिला में श्री राम की चारों तरफ जयकार होने लगी । राम की भूमिका रजनीश सिंह, लक्ष्मण सूरज सिंह, सीता लालू यादव, विश्वामित्र अश्वनी सिंह, जनक चंद्रमणी सिंह, नारद मनोज सिंह, रावण उर्मिलेश सिंह टीपू, बाणासुर गौरव सिंह, बंदीजन की भूमिका अनिल सिंह ननबुटन,लखपतिया अनिल सिंह व उपेंद्र लाल,अरुण व बाबूलाल ने निभाया। इस मौके पर व्यास दीनानाथ गिरी, अध्यक्ष संजय सिंह, सचिव सुमन्त सिंह, सकरवार , कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह ,अभिमन्यु सिंह , वशिष्ठ सिंह, निर्देशक राम अवधेश शर्मा , हरिनारायण सिंह , मन्नू सिंह, राहुल, नन्हे ,गौरव, गोपाल आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रोहनिया विधायक ने बनारस होलसेल बाजार के नये प्रतिष्ठान का फीता काट किया शुभारंभ



प्रखर वाराणसी। सोमवार को रोहनिया स्थित शहावाबाद में बनारस होलसेल बाजार के नये शोरुम (होलसेल बाजार) का क्षेत्रीय विधायक सुनिल पटेल ने फीता काटकर एक दिवसीय उद्घाटन का शुभारंभ किया। एक छत के नीचे ग्राहक अनेकों प्रकार की साड़ीया खरीद सकते हैं। बनारस होलसेल बाजार के यह दूसरे शोरुम का उद्घाटन हुआ है। विधायक ने भव्य शोरुम शुभारंभ के दौरान कहा कि हमारी सरकार व्यापारियों के हितों में अनेक कदम उठा रही है। हम कामना करेंगे कि ऐसे ही भव्य शोरुम फलता फूलता रहे। एक ही छत के नीचे अब ग्राहकों को सामान उपलब्ध हो जायेंगे। वहीं बनारस होलसेल बाजार के कुंदन गुप्ता ने कहा कि हमारी काफी दिनों से वाराणसी में भव्य शोरुम बाजार खोलने की कल्पना थी। जो आज जाकर साकार हुआ है। इस होलसेल बाजार में सूरत, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, जयपुर की फैंसी तथा आधुनिक साड़ियों का अनोखा संगम उपलब्ध है। इस दौरान मुख्य रूप से शंकर गुप्ता, कुंदन गुप्ता, योगेश श्रीवास्तव, पंकज वर्मा, अजय पाठक, गौतम जायसवाल के अलावा आदि लोग मौजूद रहे।

### पुलिस कर्मियों को बाल विवाह रोकने हेतु दिलाई गयी शपथ



प्रखर जौनपुर। सोमवार को क्षेत्राधिकारी नगर कुलदीप कुमार गुप्ता व क्षेत्राधिकारी सदर संत प्रसाद द्वारा कार्यालय पुलिस अधीक्षक पर कार्यालय के समस्त कर्मियों को बाल विवाह रोकने हेतु शपथ दिलायी गयी। इसी क्रम में जनपद जौनपुर के समस्त थानो में पुलिस कर्मियों को बाल विवाह मुक्त प्रदेश बनाये जाने की शपथ दिलायी गयी कि शपथ लेता हुं कि मैं बाल विवाह के खात्मे का हरसंभव प्रयास करुंगा ताकि हर लड़की स्वतंत्र, सुरक्षित और शिक्षित हो सके।

### ट्रेलर ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत



प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत। प्राप्त जानकारी के अनुसार अहरौरा क्षेत्र के ग्राम मीरापुर निवासी विकास कुमार पुत्र श्रीराम नारायण (30) वर्ष, जो अपने घर से मोटरसाइकिल संख्या UP63 P 5688 सवार होकर रविवार की रात 11 बजे, किसी कार्यवश आनंदीपुर के तरफ जा रहा था कि मौर्या पेट्रोल पंप खाजगीपुर के सामने ट्रक संख्या UP62 CT 7111 द्वारा अनियंत्रित होकर मोटर साइकिल सवार विकास के ऊपर चढ़ा दिया। जिससे मौके पर विकास की मृत्यु हो गयी। वही ट्रेलर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहूंचकर अहरौरा पुलिस द्वारा मृतक के शव को कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम हेतु चुनार भेजा गया। वही पुलिस ने बताया कि ट्रक को कब्जें में ले लिया गया है, और मृतक का भाई के द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

### सिंचाई हेतु धनरौल डैम से कल से खोली जाएगी घाघर मेन कैनाल, केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने डीएम से की वार्ता

प्रखर मिजार्पुर।केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री एवं जनपद की सांसद अनुप्रिया पटेल के निर्देश पर मड़िहान ब्रांच से हो कर जाने वाली घाघर मेन कैनाल में 17 अक्टूबर से पानी की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। इस बाबत केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से बात की हैं। अनुप्रिया पटेल ने डीएम को अवगत कराया कि यह नहर किसानों की सिंचाई के लिए बहुत ही उपयोगी है। इसी नहर से सिंचाई के साथ-साथ पेयजल की भी व्यवस्था सुनिश्चित करनी है। केंद्रीय मंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन 17 अक्टूबर से नहर में जल आपूर्ति का निर्णय लिया है।

### केंद्रीय मंत्री डॉ0 महेंद्र नाथ पांडेय जी के जन्म दिन पर किया गया रक्तदान



प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह और राम नगीना सेठ के नेतृत्व में भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं चंदौली के संसद के 66 वे जन्म दिवस के शुभ दानगंज बाजार में कोसा अध्यक्ष राम नगीना सेठ के घर पर भाजपा कार्यकताओं ने मिठाई बताकर और केक काटकर हर्ष उल्लास से अपने सांसद और केंद्रीय मंत्री का जन्मदिन मनाया गया जिसमें चोलापुर मंडल के महामंत्री प्रमोद पांडे राजीव पांडे अरविंद सेठ रितेश सिंह डॉक्टर कृष्णकांत चौबे आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### यातायात पुलिस के द्वारा दुर्गा प्रतिमाओं को ले जा रहे वाहन चालकों को पढ़ाया गया यातायात के नियमो का पाठ, किया गया जागरूक

प्रखर संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के दिशा निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी यातायात केशव नाथ के देख रेख में प्रभारी यातायात परमहंस के द्वारा दुर्गा पूजा के दृष्टिगत दुर्गा प्रतिमा ले जा रहे वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया साथ ही बताया गया कि यदि कोई वाहन चालक शराब पीकर गाड़ी चलाते पाया गया तो उसको ब्रेथ एनालाइजर से चेकिंग करते हुए विधिक कार्यवाही किया जायेगा। साथ ही साथ मेहदावल बायपास से मधुकूंज मुखलिसपुर तिराहा तक पैदल गस्त करते हुए अतिक्रमण हटवाया गया। उक्त अभियान अनवरत जारी रहेगा।

## एक्सप्रेस न्यूज

### जेल में नायडू को एसी की सुविधा की अनुमति मिली

**अमरावती।** अमरावती की एक अदालत ने शनिवार को टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू को राजामहेंद्रवरम सेंट्रल जेल में एयर कंडीशनिंग सुविधा की अनुमति दे दी। चंद्रबाबू यहां स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन स्कैम केस में बंद हैं। हिरासत में लिए जाने के एक महीने से ज्यादा समय के बाद, अदालत ने नायडू को एयर कंडीशनिंग सुविधा की अनुमति दी है।



### हिपकिंस बने न्यूजीलैंड के नए प्रधानमंत्री

**वेलिंगटन।** क्रिस हिपकिंस, न्यूजीलैंड के नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। बुधवार को उन्होंने देश के 41वें प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। न्यूजीलैंड की सरकारी प्रसारणकर्ता कंपनी आरएनजेड ने यह जानकारी दी है। जेसिंडा अर्डर्न ने रविवार को सुबह बतौर प्रधानमंत्री आखिरी बार न्यूजीलैंड की संसद पहुंची, वहां से वह सीधे गवर्नमेंट हाउस गईं, जहां उन्होंने अपना इस्तीफा सौंपा। कारमेल सेपुलोनी ने बतौर डिप्टी प्रधानमंत्री पद संभाला।



### 19 करोड़ रुपए का सोना जब्त, 11 गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई में तीन जगहों पर छापेमारी कर 19 करोड़ रुपए का सोना जब्त किया है। इस मामले में 11 लोग गिरफ्तार हुए हैं, जो तस्कर सिंडिकेट का हिस्सा थे। डीआरआई के मुताबिक, सिंडिकेट बांग्लादेश सीमा के माध्यम से भारत में सोने की तस्करी करता था। जिसे मुंबई, नागपुर, यूपी के वाराणसी जैसे जिलों में भेज देते थे।

### पूर्व निर्वाचन आयुक्त डॉ. एमएस गिल का निधन

**नई दिल्ली।** पूर्व निर्वाचन आयुक्त डा. एमएस गिल का रविवार को दिल्ली में निधन हो गया। श्री गिल 86 वर्ष के थे और कुछ समय से बीमार थे। उन्हें दक्षिण दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भारतीय निर्वाचन आयोग ने एक बयान में श्री गिल के निधन पर शोक जताया है। श्री गिल 1958 के बैच के पंजाब कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकरी थे और वह देश के 11 वे मुख्य निर्वाचन आयुक्त थे। वे इस पद पर टी एन शेषन के उत्तराधिकारी रहे। श्री गिल का कार्यकाल 12 दिसम्बर 1996 से 13 जून 2001 तक था।

### चार महीने की प्रेग्नेंसी के बाद ही पैदा हो गई बच्ची

**वेल्स।** ब्रिटेन के वेल्स में एक ऐसी बच्ची पैदा हुई है, जिसका वजह महज 328 ग्राम है। इस बच्ची का जन्म तय समय से पांच महीने पहले ही हो गया, जो काफी चौंकाने वाली बात है। बच्ची की मां को गर्भवस्था के दौरान इतना ज्यादा दर्द हुआ कि जब वह अस्पताल गई, तो उसने तुरंत ही नवजात को जन्म दे दिया। ये बच्ची आधिकारिक रूप से वेल्स की सबसे छोटी पैदा हुई बच्ची है। बच्ची का नाम रोबिन चैंबर्स है, जबकि उसकी मां का नाम चैन्टेल चैंबर्स और पिता का नाम डैनियल चैंबर्स है। रोबिन के पैरेंट्स का कहना है कि जब वह पैदा हुई, तब हमें मालूम था कि वह छोटी होगी। लेकिन हमें ये नहीं मालूम था कि वह इतनी ज्यादा छोटी होगी कि उसे अपनी जिंदगी अस्पताल में ही गुजारनी पड़ेगी।

### आज का इतिहास

- 1905: लार्ड कर्जन ने बंगाल का प्रथम विभाजन किया।
- 1939: द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने ब्रिटिश क्षेत्र पर पहला हमला किया।
- 1944: प्रसिद्ध तबला वादक लच्छू महाराज का जन्म।
- 1948: बॉलीवुड अभिनेत्री हेमा मालिनी का जन्म।
- 1948: ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का जन्म।
- 1951: पाक के पहले पीएम लियाकत अली खान की रावलपिंडी में गोली मारकर हत्या।
- 1959: राष्ट्रीय महिला शिक्षा परिषद की स्थापना।
- 1964: चीन ने अपना पहला परमाणु विस्फोट किया।

# इजराइल ने गाजा पट्टी में जमीनी हमले की योजना स्थगित की

## खराब मौसम के कारण कुछ दिनों के लिए बदली रणनीति



**गाजा।** इजरायली सेना ने इस सप्ताह के अंत में गाजा पट्टी में जमीनी हमले की योजना बनाई थी, लेकिन मौसम की स्थिति के कारण रविवार को इसे कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दी।

अमेरिकी अखबार 'द न्यू यॉर्क टाइम्स' ने तीन वरिष्ठ इज़रायली सैन्य अधिकारियों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। योजना के अनुसार इजरायली सेना को गाजा शहर पर कब्जा करने और एन्क्लेव के वर्तमान नेतृत्व को नष्ट करने का आदेश दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि इसमें हजारों इजरायली सैनिकों, साथ ही टैंक, सैपर और कमांडो के भाग लेने की उम्मीद थी। न्यूयॉर्क टाइम्स ने हमास के एक अधिकारी के हवाले से खबर दी है कि हमास लड़ाके अपनी ओर से गाजा शहर की कई छिपी हुई भूमिगत सुरंगों से अचानक निकलकर इजरायली सैनिकों पर पीछे से हमला करने की योजना बना रहे हैं। इससे पहले अमेरिकी खोजी पत्रकार सेमुर हर्श ने कहा था कि इज़रायल ज्वाइंट डायरेक्ट अटैक म्यूनिशन (जेडीएएम) मार्गदर्शन किट से लैस बमों का उपयोग करके गाजा पर हमले की योजना बना रहा है, जिससे शहर पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा।

**हमास-इजराइल जंग में भारतीय मूल की 3 महिलाओं की मौत, दो थीं आईडीएफ का हिस्सा:** इजराइल और हमास की जंग में भारतीय मूल की तीन महिलाओं की जान चली गई है। तीन में से दो महिलाएं इजरायल डिफेंस फोर्सेज का हिस्सा थीं। कहा जा रहा है कि हमास चरमपंथियों से लड़ते हुए उनकी जान चली गई। वहीं भारतीयों की वतन वापसी ऑपरेशन अजेय के तहत दो फ्लाइट में 471 भारतीय लौटे। वहीं कोयम्बटूर हवाईअड्डे पर 12 भारतीयों ने वतन वापसी की।

### गाजा सिटी खाली करने से हमास रोक रहा लोगों को, लगाए बैरियर

दूसरी तरफ जंग में अब तक हमास के 3 टॉप कमांडर मारे जा चुके हैं। वहीं, इजराइल ने दावा किया है कि हमास लोगों को गाजा सिटी खाली करने से रोक रहा है। उसने जगह-जगह बैरियर लगा दिए हैं ताकि लोग शहर से बाहर न जा सकें। इजराइल डिफेंस फोर्स ने कहा- हम गाजा में जमीनी हमला करने के लिए तैयार हैं। अब तक एयरस्ट्राइक कर रहे थे, लेकिन अब हम तीनों ओर से (जमीन, समुद्र और आसमान) गाजा पर हमला करेंगे। इस बीच सीज फायर के लिए कोशिशें जारी हैं। एक तरफ जहां, रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से इजरायल और हमास के बीच सीजफायर पर चर्चा करने को कहा है। वहीं, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात की है।

### ग्राउंड ऑपरेशन से पहले बॉर्डर पर टैंक तैनात



**नई दिल्ली।** इजराइल हमास जंग का रविवार को नौवां दिन हैं। इस बीच इजराइली डिफेंस फोर्स के 10 हजार सैनिक गाजा में जमीनी हमले की तैयारी कर रहे हैं। बॉर्डर पर कई सौ इजराइली टैंक तैनात हैं।

7 अक्टूबर से शुरू हुई इजराइल-हमास जंग में अब तक 3500 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। वहीं, गाजा में ग्राउंड ऑपरेशन से पहले इजराइली सीमा से सटे स्देरोट शहर से करीब 15 हजार लोगों को निकालकर सुरक्षित जगह पर पहुंचाया गया है। लोगों को उत्तरी गाजा को खाली करने के लिए इजराइल की तरफ से दिया गया समय भी खत्म हो चुका है। इजराइली समय के मुताबिक लोगों को 10 से 1 बजे तक इलाका खाली करने को कह गया था। तब इजराइल की तरफ से कोई हमला नहीं किया गया। वहीं, आज फिर

### इजराइल ने 15 हजार लोगों को हटाया

हिजबुल्लाह संगठन ने लेबनान की तरफ से इजराइल के बॉर्डर इलाके शतूला में हवाई हमला किया। इसमें एक इजराइली सैनिक की मौत हो गई। इसके बाद इजराइल ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# चुनावी दंगल: राजस्थान में कांग्रेस ने 95 सीटों पर उम्मीदवार किए तय

## दिल्ली में हुई कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक, 17 MLA का कटेगा टिकट

**नई दिल्ली**

दिल्ली में राजस्थान को लेकर हुई कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक कमेटी चेयरमैन गौरव गोगोई की अध्यक्षता में चली। 5 घण्टे मैराथन बैठक स्क्रीनिंग कमेटी की पहली बैठक में 95 सीटों पर फैसला हुआ है। सभी 200 सीटों पर वन टू वन चर्चा की गई, लेकिन अंतिम समय तक 120 सीटों पर मंथन हो पाया। 200 में से 95 सीटों को लेकर पूर्ण कवायद हो चुकी है। बैठक में प्रभारियों की रिपोर्ट और ऑब्जर्वर की रिपोर्ट का सर्वे में आए नामों को लेकर मिलान किया गया, प्रभारियों और ऑब्जर्वर की रिपोर्ट में करीब 59 पूर्णतया सिंगल नाम का हुआ। मिलान बैठक में सभी नेताओं से लिए गए सुझाव के बाद 6 और सीटों पर सिंगल नाम पर सहमत हुए। राजस्थान को लेकर हुई कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में 95 में से 30 नामों को ऑब्जर्वर और सचिवों की रिपोर्ट को क्रॉस चैक किया गया। क्रॉस चैक और चर्चा के बाद 95 में से 17 सीटो पर मौजूदा विधायकों की जगह नए चेहरों को टिकट देने पर सहमति बनी। पार्टी इन सीटों पर करीब आधा दर्जन पूर्व सांसदों को उतार सकती है। शेष 105 सीटों के लिए अब कमेटी 4 दिन में मिलान और छटनी करेगी।

**आज जारी हो सकते हैं नाम**

### कांग्रेस में नाम काटना चुनौती

राजस्थान में इस बार का चुनाव बेहद रोचक है। एक तरफ जहां कांग्रेस पार्टी कह रही है कि सीटींग विधायकों के खूब टिकट कटेंगे। नए चेहरों को मैदान में उतारा जाएगा। वही कांग्रेस सूत्रों की माने तो टिकट काटना बहुत मुश्किल है। मगर, कांग्रेस पार्टी भी अक्टूबर महीने के अंत तक सभी नाम फाइनल कर देगी। अभी तक 100 से 115 नाम फाइनल हो चुके है। जिसमें ज्यादातर पिछले चुनाव वाले ही प्रत्याशी हैं। इस बार पहुंच और जुगाड़ पर पूरी तरह से रोक है। कांग्रेस में बगावती भी बड़ी संख्या में खड़े हो सकते है। 19 से 20 सीटों पर अभी से ही विरोध के सुर तेज होने लगे हैं।

### भाजपा 20 अक्टूबर के पहले सब कुछ फाइनल करेगी

राजस्थान में भाजपा ने अपनी पहली लिस्ट जारी कर दिया है। जिसमें 41 नाम है। अब 12 या 13 अक्टूबर को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हो सकती है। जिसमें दो लिस्ट फाइनल होने हैं। मसलन, 159 नामों को फाइनल करना है। सूत्रों का कहना है कि 20 अक्टूबर से पहले पार्टी सभी सीटों पर नाम फाइनल कर देगी. क्योंकि, 30 अक्टूबर को चुनाव आयोग की तरफ से नोटिफिकेशन जारी होगा। इसलिए पार्टी सभी नाम फाइनल करके प्रत्याशियों को चुनाव प्रचार में खूब समय देना चाहती है। सूत्र का कहना है कि इस बार जो लिस्ट आएगी उमसें ज्यादातार महिलाओं और नए चेहरे होंगे।

## तेलंगाना में कांग्रेस ने 55 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

हैदराबाद। कांग्रेस ने 119 सीटों वाले तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए 55 उम्मीदवारों की अपनी बहुप्रतीक्षित पहली सूची रविवार को जारी कर दी। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की ओर से घोषित सूची में कई शीर्ष नेताओं के नाम शामिल हैं, जिनमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी (कोडंगल), और वरिष्ठ नेता एन उत्तम कुमार रेड्डी (हुजूरनगर), कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी (नलगोंडा), और सीताक्का (मुलुग) शामिल हैं। सूची में ओबीसी, एससी, एसटी और अल्पसंख्यक नेताओं के नाम भी शामिल हैं। कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष के मुरलीधरन ने कहा कि शेष 64 सीटों के लिए उम्मीदवारों को अंतिम रूप दिया जायेगा और दो-तीन दिनों में इसकी घोषणा की जायेगी।

## बीआरएस देगी 2 बीएचके घर और 400 रुपए में सिलेंडर

**हैदराबाद।** तेलंगाना में विधानसभा चुनाव की तारीखों को ऐलान होने के बाद सत्तारूढ़ दल भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने रविवार को चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया।

बीआरएस ने घोषणा पत्र में सभी पात्र परिवारों को 400 रुपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने का वादा किया है। घ्पार्टी रायथु बंधु योजना के तहत मिलने वाली राशि को 10,000 रुपए से धीरे-धीरे बढ़ाकर 16,000 रुपए प्रति वर्ष करेगी। बीआरएस प्रमुख के चंद्रशेखर राव ने कहा दिव्यांग लोगों के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन 6,000 रुपये तक बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा तेलंगाना में 93 लाख बीपीएल परिवारों को केसीआर बीमा योजना में 5 लाख रुपये का बीमा मिलेगा।

### 93 लाख परिवारों को देंगे जीवन बीमा

इसके अलावा रायथु बंधु को योजनाबद्ध रूप से हर साल 16000 रुपए प्रति एकड़ बढ़ाया जाएगा। केसीआर भीम प्रथा इंतिकी धीमा योजना के तहत सभी बीपीएल कार्ड धारकों के लिए 5 लाख बीमा योजना, 100 फीसदी प्रीमियम का भुगतान सरकार एलआईसी के माध्यम से करेगी। 93 लाख परिवारों को कवर करने पर 3000 से 4000 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

## भारत में राफेल निर्माण करना चाहती है फ्रांसीसी कंपनी

**नई दिल्ली**

लड़ाकू विमान राफेल बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी दसॉ एविएशन भारत में मेन्युफैक्चरिंग यूनिट खोलना चाहती है। भारतीय वायुसेना को 36 विमान सप्लाई करने के बाद कंपनी नेवी के लिए 26 'राफेल एम' की डील कर चुकी है। इसी सिलसिले में फ्रेंच कंपनी के सीईओ एरिक ट्रेपियर कंपनी के कुछ अन्य अफसरों के साथ भारत आए थे। उन्होंने रक्षा प्रतिष्ठान के शीर्ष अफसरों से बैठकें कीं।



फ्रांसीसी अफसरों ने नागपुर के पास मिहान में चल रही ज्वाइंट वेंचर फैसिलिटी को रफाल की असेंबली लाइन में बदलने की संभावनाओं पर चर्चा की। दसॉ को कुछ सालों में ही दुनियाभर में 200 से अधिक रफाल सप्लाई करने हैं, लेकिन फ्रांस में कंपनी की असेंबली लाइन में साल में 24 विमान ही बन सकते हैं। इसलिए कॉन्ट्रैक्ट पूरे करने के लिए कंपनी को एक और असेंबली लाइन की जरूरत है। भारत में नई असेंबली लाइन स्थापित करने की संभावनाएं तलाशने के लिए कंपनी के अफसर भारत सरकार के साथ चर्चा कर चुके हैं। अगर भारत में नई असेंबली लाइन स्थापित हो जाती है तो कंपनी साल में 48 विमानों की आपूर्ति कर पाएगी। साथ ही 10 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल सकता है। क्योंकि, फ्रांस स्थित असेंबली लाइन में अभी 12,700 कर्मचारी हैं।

### भारत पर नजर क्यों?

भारत सरकार 114 मल्टी रोल फाइटर जेट खरीदने का प्रस्ताव पास कर चुकी है। दसॉ की नजर इसी सौदे पर है। इस सौदे की कीमत सवा लाख करोड़ रु. से ज्यादा हो सकती है। हालांकि, सरकार ने अभी तय नहीं किया है कि विमान किससे खरीदने हैं।

## अधीर रंजन चौधरी ने बिना हेलमेट चलाई रॉयल एनफील्ड



**कोलकाता।** कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी 15 अक्टूबर को अपने संसदीय क्षेत्र बेरहामपुर में एक बाइपास रोड का उद्घाटन करने पहुंचे। अधीर अपने आवास से बेरहामपुर तक (11 किमी) रॉयल एनफील्ड चलाकर गए थे। उनके काफिले में कई और बाइक्स शामिल थीं। इस दौरान कांग्रेस नेता ने हेलमेट के बजाय एक कैप पहन रखी थी, बैक सीट पर भी एक शख्स बिना हेलमेट पहने बैठा था। इससे जुड़ा 1.13 मिनट के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें कांग्रेस नेता बिना हेलमेट के रॉयल एनफील्ड चलाते दिख रहे हैं। अधीर कई बार गाड़ी का हैंडल छोड़कर दोनों हाथों से अपनी कैप सही करते दिखते हैं, ताली बजाते हैं। इसके अलावा वे दोनों हाथ हवा में उठाकर कुछ कहते नजर आ रहे हैं। उनके काफिले में शामिल ज्यादातर बाइक्स पर दो लोग सवार हैं। इसमें से कुछ ही लोगों ने हेलमेट पहना है।

**अधीर बोले, पुलिस सजा देती है तो कोई समस्या नहीं**

## संसद में सवाल पूछने के बदले मिला कैश, गिफ्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सांसद निशिकांत दुबे ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने महुआ पर आरोप लगाते हुए कहा है कि वो संसद में अदाणी के खिलाफ सवाल पूछने के बदले रिश्वत और गिफ्ट लेती हैं। भाजपा एमपी निशिकांत दूबे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिख ये गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने ने स्पीकर को लिखे पत्र में कहा कि बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी के बीच रिश्वत का लेन देन हुआ है।

**भाजपा सांसद ने महुआ पर लगाए गंभीर आरोप**

**50 से ज्यादा बिजनेसमैस से लिंक:** उन्होंने आगे कहा कि महुआ मोइत्रा के खिलाफ एक जांच कमेटी बनाई जाए और इन्हें तत्काल प्रभाव से संदन से निलंबित किया जाए। भाजपा सांसद ने ओम बिरला को लिखे पत्र में कहा है कि इस मामले कि पूरी पड़ताल एक एडवोकेट जय अनंत देहाद्रई ने की है।

## डूंगरपुर में सड़क हादसा सात लोगों की मौत

**जयपुर, (ब्यूरो)।** राजस्थान के डूंगरपुर जिले में रविवार दोपहर भीषण हादसा हो गया, जिसमें सात लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 10 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। ये घटना बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के रतनपुर बॉर्डर के पास हुई।

**ट्रक और क्रूजर के बीच जोरदार भिड़ंत**

ट्रक और क्रूजर के बीच जोरदार भिड़ंत के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने क्रू जर में सवार लोगों को बाहर निकाला और तुरंत जिला अस्पताल भर्ती करवाया। बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे 48 रतनपुर बॉर्डर पर एक ट्रक ने आगे चल रही क्रूजर को रौंद दिया।



## महिला-पुरुष एक साथ नहीं खेल सकते गरबा

**जयपुर।** पूरे प्रदेश में नवरात्रि की शुरू हो रही है। नवरात्रि से पहले अंबाजी मंदिर में गरबा को लेकर कुछ नियम बनाए गए हैं। मंदिर में पुरुष और महिलाएं एक साथ गरबा नहीं खेल सकते।

गरबा खेलने के लिए पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। चाचरचौक में केवल महिलाएं गरबा खेल सकेंगी जबकि पुरुषों को पीतल गेट के बाहर गरबा खेलना होगा। महिलाओं की गरिमा को बनाए रखने के लिए इस प्रकार के एकांतवास की व्यवस्था की गई है। मंदिर समिति द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार, गरबा खेलने या देखने आने वालों को आईकार्ड दिखाना अनिवार्य है। चाचरचौक में प्रवेश के लिए आधार कार्ड, लाइसेंस सहित दस्तावेज दिखाने होंगे और इसके बाद ही आपको प्रवेश मिलेगा।

यह फैसला जिला कलेक्टर और जिला पुलिस प्रमुख ने लिया है। गौरतलब है कि पूरे प्रदेश में धूमधाम से नवरात्रि मनाई जाती है। प्रदेश भर में जगह-जगह गरबा का आयोजन किया जा रहा है। हालांकि, गरबा में विधर्मियों के आने की आशंका के बीच यह भी निर्णय लिया गया है कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता कई स्थानों पर जांच करेंगे। यह भी निर्णय लिया गया है कि खिलाड़ियों को तिलक लगाने के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

## Filmiतड़का



### अब कॉप यूनिवर्स में दीपिका लेडी सिंघम बन उड़ाएगी दुश्मनों के छक्के

**मुंबई।** बॉलीवुड के मशहूर फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की एंट्री होने वाली है। दीपिका अपनी आगामी फिल्म 'सिंघम अगेन' से रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स में कदम रखेंगी। फिल्म में अभिनेत्री शक्ति शेट्टी की भूमिका निभाती नजर आएँगी। रविवार को नवरात्रि के खास मौके पर शेट्टी ने फिल्म से दीपिका का पहला लुक जारी कर दिया गया है। फर्स्ट लुक पोस्टर में अभिनेत्री पुलिस की यूनिफार्म में जबरदस्त लग रही हैं। बता दें, इससे पहले दीपिका यश राज प्रोडक्शन की फिल्म 'पठान' में एक जासूस की भूमिका निभा चुकी हैं। ऐसे में अभिनेत्री को एक पुलिस की भूमिका निभाते हुए देखने के लिए दर्शक बड़े बेसब्र नजर आ रहे हैं। रोहित शेट्टी ने जारी किया दीपिका पादुकोण का पहला लुकनवरात्रि के खास मौके पर रोहित शेट्टी ने फिल्म 'सिंघम अगेन' का एक नया पोस्टर शेयर किया, जिसमें दीपिका पादुकोण पुलिस की वर्दी पहने नजर आ रही हैं। पहली तस्वीर में, दीपिका लाशों के ढेर पर बैठी हुई हैं और उन्होंने एक अपराधी को बालों से पकड़ रखा है। और दूसरे हाथ से उसके मुँह पर बंदूक तानी हुई है। दूसरी तस्वीर में, अभिनेत्री के चेहरे का क्लोज अप है। अभिनेत्री के पहले लुक को शेयर करते हुए रोहित ने कैप्शन में लिखा, 'नारी सीता का भी रूप है और दुर्गा का भी... ।

### सपनों का सौदागर से लेकर सत्ते पे सत्ता तक इन फिल्मों ने बनाया हेमा मालिनी को सुपरस्टार

**हैप्पी बर्थडे ड्रीम गर्ल @75**



**नई दिल्ली।** ड्रीमगर्ल हेमा मालिनी 16 अक्टूबर को अपना 75 वां जन्मदिन सेलिब्रेट करने जा रही हैं। एक्ट्रेस ने अपनी उम्दा एक्टिंग से लाखों लोगों को अपना दीवाना बनाया है। फैंस आज भी उन्हें बड़े पर्दे पर देखने का बेसब्री से इंतजार करते हैं। चलिए उनके बर्थडे पर हम आपको एक्ट्रेस की बेहतरीन अदाकारी वाली फिल्मों के बारे में बताते हैं। सपनों का सौदागर से लेकर , जोशीला, बागबान, शोल, त्रिशुल, जुगनू, सत्ते पे सत्ता तक, इन फिल्मों ने हेमा मालिनी को सुपरस्टार बनाया। हेमा मालिनी उन एक्ट्रेस में से एक हैं, जो लोगों की आज भी उतनी ही फेवरेट हैं, जितना वो अपने दौर में थीं। आज भी फैंस उनकी एक झलक देखने के दीवाने हैं। बॉलीवुड की फिल्मों में उनकी अदाएं, उनका डांस, उनका अंदाज फैंस को काफी पसंद आता था। ऐसे में उनके जन्मदिन के खास मौके पर हम आपको उनकी कुछ बेहतरीन फिल्मों के बारे में बताते हैं, जिनमें एक्ट्रेस की बेहतरीन अदाकारी देखने को मिली। इन्हीं फिल्मों ने हेमा मालिनी को बॉलीवुड की 'ड्रीम गर्ल' बनाया था। साल 1968 में राज कपूर की एक फिल्म रिलीज हुई जिसका नाम था 'सपनों के सौदागर। हेमा मालिनी ने 'सपनों का सौदागर' फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखा था। इस फिल्म में वो राज कपूर, तनुजा और नादिरा के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आई थीं। बता दें कि पहले यह फिल्म व्यजंतीमाला को ऑफर हुई थी, लेकिन जब उन्होंने इसे करने से मना कर दिया तब यह फिल्म हेमा मालिनी के खाते में गई। इस फिल्म में हेमा की एक्टिंग से राज कपूर इतना प्रभावित हुए कि उन्होंने पहले ही यह कह दिया कि हेमा आगे चलकर एक बड़ा नाम बनेंगीं। देखा जाए तो ऐसा हुआ भी।

## ओवैसी ने इजराइली पीएम नेतन्याहू को शैतान कहा

**हैदराबाद।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को शैतान कहा है। उन्होंने पीएम मोदी से अपील की है कि वे गाजा के लोगों का साथ दें। ये बात उन्होंने शनिवार को हैदराबाद में एक कार्यक्रम के दौरान कही। ओवैसी ने कहा कि मैं पीएम से अपील करना चाहूंगा कि फिलिस्तीनियों के ऊपर जो अन्याय हो रहा है उसे रोकें। फिलिस्तीन का मुद्दा को सिर्फ मुस्लिमों से नहीं जोड़ना चाहिए, बल्कि ये मानवता का मुद्दा है। नेतन्याहू शैतान हैं, क्रूर शासक हैं और युद्ध के अपराधी हैं। ओवैसी ने कहा कि गाजा के 10 लाख लोगों को बेघर होना पड़ा है। पूरी दुनिया ये देखकर भी खामोश है।

## फर्जी ईडी अफसर बनकर तीन करोड़ लूटकर भागे

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार रात बदमाशों ने फर्जी ईडी अधिकारी बनकर एक घर से 3 करोड़ रुपए लूट लिए। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ लिया। ये सभी कार में सवार होकर पुलिस बैरिकेडिंग तोड़कर भाग रहे थे। पुलिस ने दो किमी पीछा कर उन्हें पकड़ लिया और लूटी गई रकम में से एक करोड़ रुपए बरामद कर लिए। यह मामला द्वारका के बाबा हरिदास नगर का है। पीड़ित के मुताबिक, आधी रात कुछ लोग उनके घर जबरदस्ती घुस आए। वे सभी खुद को इनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) का अधिकारी बता रहे थे। 30 मिनट के अंदर बदमाशों ने पूरे घर को खंगाला और तीन करोड़ की रकम लेकर चले गए।

## खबर संक्षेप

### वेदांता की याचिका पर सुनवाई 29 नवंबर को




**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के तूतीकोरिन में अपनी स्टरलाइट कॉपर इकाई को बंद करने से संबंधित वेदांता समूह की याचिका को 29 नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। शीर्ष अदालत की वेबसाइट से मिली जानकारी के अनुसार, वेदांता समूह की याचिका पर 29 नवंबर को सुनवाई होगी।

### पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ में रिलायंस रही





**नई दिल्ली।** संसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह 70,527.11 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. रही। हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक के बाजार पूंजीकरण में वृद्धि हुई।

### पाक और चीन के बीच 60 अरब डॉलर के समझौते



**इस्लामाबाद।** कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ की चार दिन की बीजिंग यात्रा के दौरान चीन और पाकिस्तान प्रमुख सड़कों और राजमार्गों को लेकर महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे। 60 अरब डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर किए जाएंगे।

### बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहनों में सुधार



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में मूंगफली तेल-तिलहन और सोयाबीन तिलहन कीमतों में गिरावट दर्ज हुई, तेल-तिलहन कीमतों में मजबूती का रुख देखने को मिला। बाजार सूत्रों ने कहा कि सोयाबीन और मूंगफली की नई फसल की आवक शुरू हो गयी है। मूंगफली तेल-तिलहन का दाम काफी ऊंचा बैठने से इनकी मांग प्रभावित हुई है।

### रोसमेर्टा 10 वाहन कबाड़ इकाइयां लगाएगी



**नई दिल्ली।** वाहन प्रौद्योगिकी और स्वचालन कंपनी रोसमेर्टा टेक्नोलॉजीज ने अगले तीन साल में 10 वाहन कबाड़ (स्क्रैप) इकाइयां स्थापित करने के लिए 200 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है। कंपनी की फिलहाल हरियाणा के मानेसर में सालाना 30,000 वाहनों के प्रसंस्करण की क्षमता वाली एक वाहन कबाड़ इकाई है।

### अमरदीप भाटिया चाय बोर्ड के चेयरमैन बने



**कोलकाता।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने अमरदीप सिंह भाटिया को चाय बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया है। चाय बोर्ड ने बयान में कहा कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव भाटिया अतिरिक्त प्रभार के रूप में चाय बोर्ड के चेयरमैन का पद संभालेंगे। उनकी नियुक्ति 12 अक्टूबर से छह महीने के लिए होगी। वह नियमित आधार पर पद भरे जाने तक या अगले आदेश तक कार्यभार संभालेंगे। सौरव पहाड़ी चाय बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन बने रहेंगे।

# पीएलआई समिति ने इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के लिए 1000 करोड़ किए मंजूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना पर एक अधिकार प्राप्त समिति ने इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की लाभार्थी कंपनियों को 1,000 करोड़ रुपये के वितरण की मंजूरी दे दी है। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। सरकार को इस योजना के तहत 3,400 करोड़ रुपये के दावे मिले हैं, जिसमें से मार्च, 2023 तक वह 2,900 करोड़ रुपये का वितरण कर चुकी है। इस योजना का उद्देश्य घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना, नौकरियों को सृजन करना और निर्यात का समर्थन करना है।

- मार्च, 2023 तक 2,900 करोड़ रुपए का वितरण

## सरकार की इस योजना के तहत 3400 करोड़ के दावे मिले

### घोषणा 14 क्षेत्रों के लिए की गई थी

इस योजना की घोषणा 2021 में 14 क्षेत्रों के लिए की गई थी। इनमें बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, व्हाइट गुड्स (मसलन रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन आदि), कपड़ा, चिकित्सा उपकरण विनिर्माण, वाहन, विशेष प्रकार का इस्पात, खाद्य उत्पाद, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल बैटरी, ड्रोन और फार्मास्युटिकल्स शामिल हैं।





### फार्मा व चिकित्सा क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन

इस योजना का परिव्यय कुल 1.97 लाख करोड़ रुपये है। यह योजना इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा और चिकित्सा उपकरण जैसे क्षेत्रों में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। मोबाइल फोन और निर्दिष्ट इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों सहित बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए पीएलआई योजना के तहत 32 लाभार्थियों को मंजूरी दी गई थी।

### चालू वित्त वर्ष का पहला वितरण होगा

अधिकारी ने बताया, 'समिति की हालिया बैठक में इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के लिए पीएलआई योजना के तहत 1,000 करोड़ रुपये के वितरण को मंजूरी दी गई। लाभार्थी कंपनियों को वास्तविक भुगतान में अभी कुछ और दिन लगेंगे।' यह चालू वित्त वर्ष का पहला वितरण होगा।

### योजना में सुधार पर विचार

समिति पीएलआई योजना के तहत चुने गए लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि के वितरण के लिए अपनी सिफारिशें देती है। ऐसे क्षेत्र जहां पीएलआई का वितरण कम है या कंपनियां अपने प्रदर्शन की सीमा को पूरा करने में सक्षम नहीं हैं, वहां संबंधित विभाग योजना में सुधार पर विचार कर रहे हैं।



### कंपनी के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने दी जानकारी

# सेल इस माह के अंत तक मेट्रो के लिए करेगी रेल का उत्पादन शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि. (सेल) इस माह के अंत तक मेट्रो रेल और माल ढुलाई गलियारा परियोजनाओं में इस्तेमाल की जाने वाली हेड हार्डेंड (एचएच) रेल का परीक्षण उत्पादन शुरू करने की तैयारी कर रही है।

कंपनी के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने यह जानकारी दी है। प्रकाश ने कहा, 'सेल ने पहले अगस्त में एचएच रेल का परीक्षण उत्पादन शुरू करनी की योजना बनाई थी, लेकिन भारतीय रेलवे से 880 ग्रेड जैसी सामान्य रेल की मांग आने के कारण इसे टाल दिया गया।'

### रेल्वे ने पहले परीक्षण टालने का किया था अनुरोध

चेयरमैन ने कहा, 'हमारे पास प्रौद्योगिकी है। हमने इसकी (एचएच रेल उत्पादन) योजना बनाई थी, लेकिन फिर...उन्होंने (रेलवे) हमसे परीक्षण टालने का अनुरोध किया और अब यह अक्टूबर के अंत में शुरू होगा।' एचएच रेल उच्च गति वाले माल गलियारों और मेट्रो रेल परियोजनाओं में उपयोग की जाने वाली विशेष रेल हैं।

## भिलाई में हुआ कोल्ड परीक्षण पूरा



ऐसी रेल सामान्य रेल की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत अधिक दबाव सहन करने के लिए 'हेड हार्डनिंग' प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर तैयार की जाती हैं। सेल ने छत्तीसगढ़ में अपने भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) में नई यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) में एचएच रेल के उत्पादन के लिए सुविधाएं स्थापित की हैं, और इसके लिए 'कोल्ड' परीक्षण पहले ही पूरा हो चुका है।

### रूस से कोयले की आठ खेप मंगाई गई

सेल ने 2023-24 की अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान रूस से 75,000-75,000 टन कोकिंग कोयले की आठ खेप मंगाई हैं। उन्होंने बताया कि कोकिंग कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए मोजाम्बिक स्थित आईसीवीएल की उत्पादन क्षमता को 20 लाख टन सालाना से बढ़ाकर 40 लाख टन सालाना करने की योजना है और इस बारे में एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

- हेड हार्डेंड रेल का परीक्षण उत्पादन शुरू करने की तैयारी
- सेल ने अगस्त में एचएच का उत्पादन शुरू करने की योजना बनाई थी
- सामान्य रेल की तुलना में 50 फीसदी अधिक दबाव सहने में सक्षम

### सेल उत्पादन शुरू करने वाली देश की दूसरी बड़ी कंपनी



सेल एचएच रेल का उत्पादन शुरू करने वाली देश की दूसरी कंपनी होगी। जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) छत्तीसगढ़ के रायगढ़ स्थित अपने संयंत्र में एचएच रेल का उत्पादन करती है।
प्रकाश ने कहा कि सेल पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर इस्पात संयंत्र (डीएसपी) में रेलवे के लिए फोर्ज व्हील का भी उत्पादन करती है।

### कोल का दबाव उत्पादन लागत पर पड़ेगा

मोजाम्बिक स्थित आईसीवीएल विदेशों में कोयला खदानों और संपत्तियों के अधिग्रहण के लिए सेल, आरआईएनएल, एनएमडीसी, सीआईएल और एनटीपीसी की एक विशेष उद्देश्यीय इकाई है। कोकिंग कोयले की बढ़ती कीमतों पर चेयरमैन ने कहा कि इसका सीधा असर उत्पादन लागत पर पड़ेगा और लाभ मार्जिन पर दबाव बनेगा।

### मोजाम्बिक में सेल का एक संयुक्त उद्यम

चेयरमैन ने कहा कि रेल और पहियों की आपूर्ति भारतीय रेलवे को की जाती है। कोकिंग कोयले की खरीद पर प्रकाश ने कहा, 'हम ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, रूस और इंडोनेशिया के विभिन्न स्रोतों से कोकिंग कोयला लेते हैं। मोजाम्बिक में हमारी एक संयुक्त उद्यम कंपनी भी है।'

# सरकार बासमती चावल के निर्यात मूल्य की समीक्षा पर कर रही विचार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- इस समय 1200 अमेरिकी डॉलर प्रति टन है
- अधिक मूल्य होने के कारण देश का निर्यात हुआ प्रभावित

सरकार ने रविवार को कहा कि वह बासमती चावल के न्यूनतम निर्यात मूल्य की समीक्षा पर गंभीरता से विचार कर रही है, जो इस समय 1,200 अमेरिकी डॉलर प्रति टन है। गौरतलब है कि अधिक मूल्य होने के कारण देश का निर्यात प्रभावित हुआ है। चावल निर्यातक संघ मांग कर रहे हैं कि इस दर को घटाकर लगभग 850 अमेरिकी डॉलर प्रति टन किया जाना चाहिए।


सरकार ने अगस्त में फैसला किया था कि बासमती चावल 1,200 डॉलर प्रति टन से कम कीमत पर निर्यात नहीं किया जाएगा। ऐसा बासमती चावल की आड़ में अवैध रूप से गैर-बासमती चावल के 'अवैध' निर्यात को रोकने के लिए किया गया था। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार ने चावल की घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए कई कदम उठाए हैं। बयान में आगे कहा गया, 'केंद्र सरकार बासमती चावल के लिए पंजीकरण-सह-आवंटन प्रमाणपत्र जारी करने के लिए फ्री ऑन बोर्ड मूल्य की समीक्षा पर कर रही है।' बयान के मुताबिक चावल निर्यातक संघों से मिले आवेदनों में कहा गया कि उच्च एफओबी मूल्य भारत से बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। इसके बाद खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने बासमती चावल निर्यातकों के साथ एक बैठक की।

### निर्णय लेते तक मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी

मंत्रालय ने कहा कि इस बैठक में हुई चर्चा के आधार पर सरकार बासमती चावल के निर्यात के लिए एफओबी मूल्य की समीक्षा करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। हालांकि, जब तक सरकार उचित निर्णय नहीं ले लेती, तब तक मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी।

# भारतीय आईटी उद्योग में कैंपस भर्ती घटने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- वैश्विक संकट और विवेकाधीन खर्च में सुस्ती प्रमुख वजह
- इंफोसिस और एचसीएल टेक में भर्ती में सुस्ती आने की संभावना

इस साल भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) उद्योग की कैंपस भर्ती में काफी कमी आने की आशंका है। कमजोर वैश्विक संकेतों और ग्राहकों के विवेकाधीन खर्च में कटौती के चलते ऐसा हो सकता है।

बाजार पर नजर रखने वालों का कहना है कि इन्फोसिस और एचसीएल टेक की भर्ती में सुस्ती आने वाले वक्त में नए लोगों यानी फ्रेशर्स के लिए एक कठिन राह का संकेत देती है। दूसरी तिमाही के नतीजों के मुताबिक, आईटी क्षेत्र की दिग्गज टीसीएस, इन्फोसिस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के कर्मचारियों की संख्या में क्रमिक आधार पर कुल 15,800 की भारी गिरावट हुई। मुद्रास्फीति, ऊंची ब्याज दरों, कम निवेश और भू-राजनीतिक तनाव के कारण दूसरी तिमाही के वित्तीय नतीजे भी उम्मीदों से कम रहे। वैश्विक वृद्धि में कमी से भी चिंताएं बढ़ गई हैं। जेपी मॉर्गन के जेमी डिमन ने चेतावनी दी है कि दुनिया 'दशकों में सबसे खतरनाक समय' का सामना कर रही है।

इस बीच 30 सितंबर, 2023 तक इन्फोसिस के कर्मचारियों की संख्या तिमाही आधार पर 7,530 घटकर 3,28,764 रह गई। कंपनी ने स्पष्ट कर दिया है कि वह फिलहाल भर्ती के लिए कैंपस में नहीं जा रही है। उसने पिछले साल 50,000 फ्रेशर्स को भर्ती किया था। टीसीएस के कुल कर्मचारियों की संख्या सितंबर, 2023 के अंत में तिमाही आधार पर 6,000 घटकर 6,08,985 रह गई। हालांकि, उसने चालू वित्त वर्ष में 40,000 फेशर्स को भर्ती करने का लक्ष्य बनाए रखा है।

### नई भर्तियां काफी कम

टीसीएस के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी मिलिंद लक्कड़ ने कहा कि कंपनी ने नियुक्तियां बंद नहीं की हैं, लेकिन नई भर्तियां कंपनी छोड़ने वाले लोगों की संख्या से कम हैं। एचसीएलटेक का कुल कर्मचारी आधार सितंबर के अंत में तिमाही आधार पर 2,299 घटकर 2,21,139 रह गया।

## प्रेस्टीज ग्रुप को 20 हजार करोड़ से अधिक बुकिंग की उम्मीद



**नई दिल्ली।** प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को आवासीय संपत्तियों की मजबूत मांग से चालू वित्त वर्ष में अपनी बिक्री बुकिंग 55 प्रतिशत बढ़कर 20,000 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचने की उम्मीद है। 2022-23 में कंपनी की बिक्री बुकिंग 12,931 करोड़ रुपये रही थी।कंपनी चालू वित्त वर्ष की पहली दो तिमाहियों में अपने प्रदर्शन से उत्साहित है। प्रेस्टीज ग्रुप के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक इरफान रजाक ने कहा कि हम चालू वर्ष के लिए अपने बिक्री अनुमान को पूर्व के 16,000 करोड़ रुपये से संशोधित कर 20,000 करोड़ रुपये से अधिक कर रहे हैं। रजाक ने मिस्र में हाल में आयोजित क्रेडाई नैटकॉन सम्मेलन से इतर कहा, पहली दो तिमाहियों में हमारी बिक्री लगभग 11,000 करोड़ रुपये रही है।

# कंपनियों के तिमाही नतीजे तय करेंगे शेयर बाजार का रुख

- कच्चे तेल की कीमतें और भू राजनीतिक अनिश्चतताएं होंगे प्रमुख कारक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के वित्तीय नतीजों, कच्चे तेल की कीमतों और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक अनिश्चितता से इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों का रुख तय होगा। विश्लेषकों ने यह बात कही है। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियां भी बाजार को प्रभावित करेंगी। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, इस सप्ताह कई दिग्गज कंपनियों के तिमाही नतीजे आने हैं, जिनका बाजार की दिशा पर काफी असर पड़ेगा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की हालिया बिकवाली को देखते हुए उनका रुख भी महत्वपूर्ण होगा।''

अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में लगातार वृद्धि और इजराइल-हमास संघर्ष के चलते बने अनिश्चित माहौल के बीच विदेशी निवेशकों ने इस महीने अब तक भारतीय शेयर बाजारों से लगभग 9,800 करोड़ रुपये निकाले हैं।

# चीनी स्टॉक का खुलासा 17 तक करने की चेतावनी



**नई दिल्ली।** सरकार ने चीनी कारोबार में शामिल सभी हितधारकों को 17 अक्टूबर तक खाद्य मंत्रालय की वेबसाइट पर अपने स्टॉक का खुलासा करने की अंतिम चेतावनी दी है। सरकार ने कहा है कि ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। खाद्य मंत्रालय ने 23 सितंबर को एक आदेश जारी कर सभी चीनी हितधारकों को आदेश दिया था कि वे उसकी वेबसाइट पर साप्ताहिक रूप से अपने स्टॉक की स्थिति बताएं। चीनी हितधारकों में थोक विक्रेता, खुदरा विक्रेता, बड़े खुदरा विक्रेता और प्रसंस्करण करने वाले शामिल हैं।

# यूबीएस ने खुदरा कर्ज में चूक के जोखिम को लेकर चेताया

- यूबीएस सिक्योरिटीज विदेशी ब्रोकरेज कंपनी है
- ऋण नुकसान 0.5 से दो प्रतिशत तक बढ़ सकता है

एजेंसी ▶▶| मुंबई




बैंकों को बढ़ते खुदरा ऋण के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा चेतावनी जारी करने के कुछ दिन बाद विदेशी ब्रोकरेज कंपनी यूबीएस सिक्योरिटीज ने इस खंड में चूक का जोखिम बढ़ने को लेकर चिंता जताई है।

स्विट्जरलैंड की फर्म के अनुसार, बैंकों के खुदरा बिना गारंटी वाले कर्ज में बढ़ते चूक जोखिमों से ऋण नुकसान 0.5 से दो प्रतिशत तक बढ़ सकता है।

रिजर्व बैंक ने आठ अक्टूबर को बैंकों को बिना गारंटी वाले बढ़ते खुदरा कर्ज को लेकर आगाह किया था। कई साल से बैंक खुदरा कर्ज पर निर्भर रहे हैं क्योंकि कॉरपोरेट मांग अब भी कमजोर बनी हुई है। केंद्रीय बैंक के अनुसार, पिछले तीन साल से बैंकिंग प्रणाली में खुदरा कर्ज औसतन 30 प्रतिशत से ऊपर है, वहीं अन्य ऋण खंड में इसकी एक-तिहाई वृद्धि भी नहीं हुई है।

### नियामकीय सख्ती का जोखिम अधिक

यूबीएस सिक्योरिटीज ने एक नोट में कहा, 'हम बैंकों के खुदरा बिना गारंटी वाले कर्ज में चूक जोखिमों को बढ़ते हुए देख रहे हैं, जिससे उनका ऋण नुकसान 0.5 से दो प्रतिशत तक बढ़ सकता है। हमारा मानना है कि नियामकीय सख्ती का जोखिम अधिक है।'

### सरकार ने 1 जुलाई, 2023 से सोने की ज्वैलरी पर हॉलमार्किंग की अनिवार्य

# पुराने ज्वैलरी पर हॉलमार्किंग चार्ज जाने कितना लगेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में आज से फेस्टिव सीजन की शुरुआत हो गई है। नवरात्रि से लेकर धनतेरस, दिवाली में लोग जमकर सोना खरीदते हैं। वहीं इस साल सरकार ने 1 जुलाई, 2023 से सोने के ज्वैलरी पर हॉलमार्किंग को अनिवार्य कर दिया है। ध्यान देने वाली बात ये है कि एक बार ज्वैलरी में हॉलमार्किंग करवाने के बाद यह आजीवन वैलिड रहता है।

वहीं सरकार ने सोने की ज्वैलरी में हॉलमार्किंग के तीसरे चरण को 8 सितंबर, 2023 से लागू कर दिया है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि हॉलमार्किंग क्या है और सरकार ने इसे सोने के ज्वैलरी के लिए क्यों अनिवार्य कर दिया है।

### कैसे चेक करें सोने की शुद्धता

अगर आप अपने सोने की शुद्धता की जांच करना चाहते हैं तो बीआईएस केयर ऐप के जरिए चेक कर सकते हैं।इसके लिए आप गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सबसे पहले ऐप को डाउनलोड करें। यहां आप अपनी जरूरत के अनुसार हिंदी या इंग्लिश भाषा का चुनाव कर सकते हैं। इसके बाद आप चेक लाइसेंस डिटेल्स के विकल्प पर जाएं और वेरीफाइड एचयूआईडी के विकल्प को चुनें। इसके बाद यहां एचयूआईडी नंबर को दर्ज करें और आपको कुछ ही मिनट में ज्वैलरी से संबंधित सारे डिटेल्स मिल जाएंगे।



### क्या है हॉलमार्किंग?

सरकार ने 1 जुलाई, 2023 से सोने की ज्वैलरी में हॉलमार्किंग को अनिवार्य कर दिया है। ऐसे में अब किसी भी तरह के सोना खरीदने पर उसके ऊपर हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन (एचयूआईडी) नंबर होना आवश्यक है। हॉलमार्किंग के जरिए यह पता चलता है कि सोने की शुद्धता कितनी है। हर हॉलमार्क वाली ज्वैलरी में एक 6 डिजिट का एचयूआईडी यानी हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन डिजिट होता है। इस डिजिट के जरिए आप बीआईएस केयर ऐप से सोने की शुद्धता को ऑनलाइन चेक कर सकते हैं।

### हॉलमार्किंग के लिए देना होगा कितना शुल्क

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने 4 मार्च 2022 को एक नोटिफिकेशन जारी करके गोल्ड ज्वैलरी में हॉलमार्किंग के शुल्क को 35 रुपए से बढ़ाकर 45 रुपए कर दिया है। वहीं सिल्वर ज्वैलरी के हॉलमार्किंग की कीमत को 25 रुपए से बढ़ाकर 35 रुपए कर दिया गया है। वहीं सोने की ज्वैलरी में सर्विस चार्ज 200 रुपए और चांदी की ज्वैलरी में 150 रुपए बतौर सर्विस चार्ज लिया जाएगा।

# विदेशी संस्थाओं ने भारतीय शेयर बाजार से निकाले 9800 करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- इजराइल-हमास से बढ़ी अनिश्चतता

अमेरिका में बांड पर प्रतिफल बढ़ने तथा इजराइल-हमास संघर्ष की वजह से पैदा हुई अनिश्चितता के चलते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में अबतक भारतीय शेयर बाजारों से 9,800 करोड़ रुपये की निकासी की है। इससे पहले सितंबर में भी एफपीआई शुद्ध बिकवाल रहे थे और उन्होंने 14,767 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। एफपीआई मार्च से अगस्त तक इससे पिछले छह माह के दौरान लगातार लिवाल रहे थे। इस दौरान उन्होंने शेयर बाजारों में 1.74 लाख करोड़ रुपये डाले थे।

फिडेलफोलियो इन्वेस्टमेंट्स के स्मॉलकेस प्रबंधक और संस्थापक किसलय उपाध्याय ने कहा, उस समय एफपीआई का यह प्रवाह अमेरिका में मुद्रास्फीति में गिरावट की वजह से था।

अमेरिका में महंगाई दर फरवरी के छह प्रतिशत से गिरकर जुलाई में 3.2 प्रतिशत पर आ गई थी। इसके अलावा मई से अगस्त के दौरान फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी नहीं करने की वजह से भी एफपीआई का प्रवाह बढ़ा था।

वर्ल्ड कप

# अफगानिस्तान ने सुधारा अपना रिकॉर्ड गुरबाज और जादरान ने जोड़े 114 रन

## अलीखिल ने दूसरी बार बनाया 50 प्लस का स्कोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वर्ल्ड कप 2023 के 13वें मुकाबले में गत चैंपियन इंग्लैंड के समाने अफगानिस्तान था। दिल्ली में खेले गए इस मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 284 रन बनाए। अफगानिस्तान की पारी के दौरान कई सारे रिकॉर्ड्स बने। अफगनिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज और जादरान ने टीम को ठोस शुरुआत दी। दोनों के बीच रिकॉर्ड 114 रन की साझेदारी हुई। साथ ही दोनों ने पहले पावरप्ले में 79 रन जोड़े। यह वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान का पहले पावरप्ले सर्वोच्च स्कोर बनाया। इसके अलावा इकराम अलीखिल ने वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान के लिए दूसरी बार 50 प्लस का स्कोर किया। बता दें कि अफगानिस्तान ने अपने दोनों मैच गंवाए हैं। इस मैच के पहले दिल्ली में ही भारत ने अफगानिस्तान को हराया था। वहीं, इंग्लैंड ने अपना पहला मैच न्यूजीलैंड के हाथों गंवाया है, जबकि दूसरे मैच में उसे जीत मिली है।



### गुरबाज जादरान के बीच शतकीय साझेदारी

अफगानिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने महज 57 बॉल पर 80 रन बनाए। इस पारी में 8 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। गुरबाज अपने कॅरियर में 3 फिफ्टी और 5 सेंचुरी लगा चुके हैं। अफगानिस्तान का पहला विकेट 114 रन पर गिरा। गुरबाज और इब्राहिम जादरान के बीच पहले विकेट के लिए सेंचुरी पार्टनरशिप हुई। दोनों ने 101 बॉल पर 114 रन जोड़े। इस पार्टनरशिप को आदिल रशीद ने जादरान को आउट कर के तोड़ा।



### इकराम का अर्धशतक

अफगानिस्तान ने 190 रन के स्कोर पर ही अपने 6 विकेट गंवा दिए। हशमतुल्लाह शहीदी 14, अजमतुल्लाह ओमरजई 19 और मोहम्मद नबी 9 रन ही बना सके। यहां से राशिद खान ने 23 रन की पारी खेली, उनके आउट होने के बाद मुजीब उर रहमान ने तेजी से 16 गेंद पर 28 रन बनाए। वहीं इकराम अलीखिल 58 रन बनाकर आउट हुए और टीम का स्कोर 275 रन के पार पहुंचा।

### अफगान का सबसे बड़ा स्कोर

| रन | बनाम | वर्ष |
|---|---|---|
| 288 | वेस्टइंडीज | 2019 |
| 284 | इंग्लैंड | 2023* |
| 272 | भारत | 2023 |
| 247 | इंग्लैंड | 2019 |

### सर्वाधिक 50+ स्कोर

| 50+स्कोर | खिलाड़ी |
|---|---|
| 3 | हशमतुल्लाह शाहिदी |
| 2 | नजीबुल्लाह जादरान |
| 2 | समीउल्लाह शिनवारी |
| 2 | इकराम अलीखिल |

### रसीद ने झटके 3 विकेट



इंग्लैंड से लेग स्पिनर आदिल रशीद ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। तेज गेंदबाजों में मार्क वुड को 2 और रीस टॉप्ली को एक सफलता मिली। वहीं पार्ट टाइमर लियम लिविंगस्टन और जो रूट ने एक-एक विकेट झटका। रूट ने मैच में 4 कैच भी पकड़े।

### वर्ल्ड कप : अंक तालिका

| टीम | खेले | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| भारत | 3 | 3 | 0 | 6 |
| न्यूजीलैंड | 3 | 3 | 0 | 6 |
| द.अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 4 |
| पाकिस्तान | 3 | 2 | 1 | 4 |
| इंग्लैंड | 2 | 1 | 1 | 2 |
| बांग्लादेश | 3 | 1 | 2 | 2 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 |
| नीदरलैंड्स | 2 | 0 | 2 | 0 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 0 | 2 | 0 |
| अफगानिस्तान | 2 | 0 | 2 | 0 |

शीर्ष स्कोरर



मो. रिजवान
248 रन
पाकिस्तान

शीर्ष विकेट टेकर



जसप्रीत बुमरा
08 विकेट
भारत

उपलब्धि



## रौनक बने शतरंज अंडर-20 वर्ल्ड चैंपियन, पीएम मोदी ने दी बधाई

**सार्डिनिया।** भारत के ग्रैंडमास्टर 17 वर्षीय रौनक साधवानी इटली में दमदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-20 विश्व जूनियर रैपिड शतरंज चैंपियन बन गए। महाराष्ट्र के नागपुर के रौनक ने 11वें राउंड में 8.5 अंक के साथ विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।

खास बात यह है कि रौनक को टूर्नामेंट में खेलने के लिए वीजा हासिल करने में परेशानी आई थी, लेकिन उनकी एकाग्रता भंग नहीं हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उपलब्धि पर रौनक साधवानी को बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, फिडे वर्ल्ड जूनियर रैपिड शतरंज चैंपियनशिप 2023 में ऐतिहासिक जीत के लिए रौनक साधवानी को बधाई। उनकी रणनीतिक प्रतिभा और कौशल ने दुनिया को आश्चर्यचकित किया। साथ ही देश को गौरवान्वित भी किया है। वह अपनी असाधारण उपलब्धियों से हमारे देश के युवाओं को प्रेरित करते रहें। उन्हें भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।'

### हमारे लिए प्रत्येक मैच फाइनल जैसा

**लखनऊ।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को लगता है कि अब उनके लिए एकदिवसीय विश्व कप में प्रत्येक मैच फाइनल जैसा बन गया है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम उन टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार है जिनके खिलाफ हाल में उनका रिकॉर्ड बेहतर रहा है। ऑस्ट्रेलिया को पहले मैच में भारत से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

### पिच को परखने से मिला फायदा

**अहमदाबाद।** पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी विश्व कप मैच में 19 रन देकर दो विकेट लेकर भारत की जीत की पटकथा लिखने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि उन्होंने आयु वर्ग की प्रतियोगिता के दिनों में इस मैदान पर काफी क्रिकेट खेला है जिससे इस पिच को समझने में आसानी हुई।

## खबर संक्षेप



### करारी हार दुखद और पीड़ादायक

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान रमीज राजा ने वनडे विश्व कप में भारत के खिलाफ खराब प्रदर्शन के लिए पाकिस्तानी टीम की कड़ी आलोचना करते हुए इस हार को दुखद और पीड़ादायक करार दिया। राजा ने कहा, 'इस हार से वे बेहद दुखी होंगे। यह भयावह है। यह पीड़ादायक है। यह करारी हार है। वे खेल के तीनों विभागों में चित कर दिए गए। अगर आप जीत नहीं सकते तो कम से कम चुनौती तो पेश करो। पाकिस्तान ऐसा करने में सक्षम नहीं था।'

### गेंदों को समझ नहीं पाए पाक बल्लेबाज

**अहमदाबाद।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव का मानना है कि वह पाकिस्तान के बल्लेबाजों के दिमाग में भ्रम पैदा करने में सफल



रहे, जिन्होंने शनिवार को यहां खेले गए विश्व कप मैच में उनकी गेंदों को समझे बिना जोखिम भरा स्वीप शॉट खेलने का प्रयास किया। कुलदीप ने सौद शकील और इफ्तिखार अहमद के महत्वपूर्ण विकेट लिए। इन दोनों ने बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर की गेंद पर स्वीप शॉट खेलने के प्रयास में अपने विकेट गंवाए। इफ्तिखार ने ऑफ स्टंप से बाहर जा रही गेंद को स्वीप करने के प्रयास में अपने विकटों में खेल दिया था।

### कबड्डी खिलाड़ी पवन सहरावत सम्मानित

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय कबड्डी टीम के सदस्य



पवन सहरावत को रविवार को यहां सम्मानित किया। केजरीवाल ने इस दौरान हाल ही में चीन के हांगझोउ में आयोजित खेलों में पदक जीतने वाले दिल्ली के सभी खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। इस मौके पर केजरीवाल ने दिल्ली में खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

## 'मैंने खुद को गाली दी...', मंत्र फूंक विकेट लेने पर खुलासा

### पंड्या ने 13वें ओवर में झटका था इमाम का विकेट

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच शनिवार को खेला गया। इस मुकाबले में स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने का एक वाकया काफी वायरल हुआ, जिसमें वो बॉल को हाथ में लेकर कुछ मंत्र जैसा पढ़ते नजर आ रहे हैं। इसके बाद वो फूंक मारते हैं और अगली ही बॉल पर विकेट हासिल कर लेते हैं।

■ मैच में पंड्या ने झटके थे 2 विकेट

पंड्या का जब यह वीडियो वायरल हुआ, तो फैन्स को मन में यह जानने की उत्सुकता हुई कि आखिर पंड्या ने यह क्या किया था? अब इस ऑलराउंडर ने खुद ही खुलासा कर दिया है। मैच के बाद पूर्व दिग्गज गौतम गंभीर और इरफान पठान से बात करते हुए पंड्या ने मजाकिया अंदाज में कहा कि उन्होंने खुद को गाली दी थी। दरअसल, पाकिस्तान की पारी का 13वां ओवर तेज गेंदबाज हार्दिक पंड्या ने ही किया था। इसकी तीसरी बॉल डालने से पहले हार्दिक अपने दोनों हाथ में बॉल लेकर कुछ बोलते नजर आए। कुछ बोलने के बाद पंड्या ने फूंक मारी और तीसरी बॉल डाल दी। स्ट्राइक पर इमाम उल हक थे, जो उस बॉल पर विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच आउट हो गए।




### 'मैं खुद को मोटिवेट कर रहा था'

मैच के बाद खुलासा करते हुए हार्दिक ने उस वाकये पर कहा, 'वो मैंने बड़ी सरल तरीके से अपने से बात की थी। बेसिकली खुद को गाली दी (हंसते हुए)। मैं खुद को मोटिवेट कर रहा था कि थोड़ी जगह पर गेंद करो। कुछ अलग करने मत जाओ।' हार्दिक ने गेम प्लानिंग पर कहा, 'मेरे हिसाब से मैंने और सिराज ने बात की थी कि एक जैसी विकेट पर गेंदबाजी करेंगे तो ज्यादा कुछ ट्राई नहीं करेंगे। जैसे पिछले मुकाबलों में बुमराह ने की है।'

## हेड ने नेट सत्र में किया अभ्यास, ऑस्ट्रेलिया से जुड़ने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ एडिलेड



ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड ने बाएं हाथ में फ्रैक्चर से उबरने के बाद रविवार को नेट अभ्यास किया जिससे मध्यक्रम के इस बल्लेबाज के भारत में खेले जा रहे एकदिवसीय विश्वकप के लिए टीम में जल्दी शामिल होने की उम्मीद बढ़ गई है। वामहस्त बल्लेबाज हेड के गुरुवार को भारत आने की संभावना है। उन्होंने बीते शुक्रवार को हाथ से सुरक्षात्मक पट्टी हटा दी थी।

विश्व कप से पहले सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जे की गेंद लगने के बाद उनके हाथ में फ्रैक्चर हो गया था।

## हॉकी इंडियाः राष्ट्रीय शिविर के लिए चुने 34 महिला खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बेंगलुरु में 16 अक्टूबर से शुरू होने वाले राष्ट्रीय शिविर के लिए रविवार को 34 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। राष्ट्रीय शिविर 22 अक्टूबर तक चलेगा जबकि महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 27 अक्टूबर से रांची में खेली जाएगी। यह प्रतियोगिता पहली बार भारत में आयोजित की जा रही है। भारत के अलावा इसमें मौजूदा चैंपियन चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीम हिस्सा लेगी। भारत अपने अभियान की शुरुआत थाईलैंड के खिलाफ करेगा।



### संभावित खिलाड़ी

गोलकीपरः सविता, रजनी एतिमारपु, बिचू देवी, बंसारी सोलंकी।
डिफेंडरः दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता ढेकाले, ज्योति छेत्री, महिमा चौधरी।
मिडफील्डरः निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मरीना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखर, वैष्णवी फाल्के, अजमीना कुजूर।
फॉरवर्डः लालरेम्सियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो, ब्यूटी डुंगडुंग।

## हुर्काज ने जीता शंघाई मास्टर्स का खिताब



*शंघाई।* *हुबर्ट हुर्काज ने शंघाई मास्टर्स टेनिस के रोमांचक फाइनल में रविवार को यहां आंद्रे रुबलेव के खिलाफ मैच प्वाइंट का बचाव करते हुए 6-3, 3-6, 7-6 (8) से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में सेबेस्टियन कोर्डा को शिकस्त देने वाले पोलैंड के इस खिलाड़ी ने फाइनल में रूस के रुबलेव के खिलाफ पहली सर्विस को 80 प्रतिशत बार भुनाने में सफल रहे। हुर्काज ने पहले सेट में 6-3 की बढ़त के साथ रुबलेव को दबाव में ला दिया। टूर्नामेंट में रुबलेव ने पहली बार कोई सेट गंवाया था। रुबलेव ने दूसरे सेट में शानदार वापसी की और तीसरे सेट में 6-5 की बढ़त लेने के बाद वह मैच प्वाइंट के लिए सर्विस कर रहे थे। हुर्काज ने दो घंटे नौ मिनट तक चले मुकाबले शानदार जज्बा दिखाते हुए लगातार दो अंक जीत कर खिताब अपने नाम किया। हुर्काज का यह दूसरा मास्टर्स खिताब है। इससे पहले उन्होंने मियामी 2021 में खिताब जीता था।*

## पेगुला ने जीता कोरिया ओपन का खिताब



**सियोल।** जेसिका पेगुला ने रविवार को कोरिया ओपन के फाइनल में युआन यू को 6-2, 6-3 से हराकर अपने कॅरियर का चौथा खिताब जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त पेगुला ने पूरे टूर्नामेंट में केवल एक सेट गंवाया। वह 2007 में वीनस विलियम्स के बाद सियोल में खिताब जीतने वाली अमेरिका की पहली खिलाड़ी बन गई। विश्व रैंकिंग में 128वें स्थान पर काबिज युआन कॅरियर का पहला फाइनल मुकाबला खेल रही थी।

### राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स में रेलवे ओवरऑल चैंपियन

**बेंगलुरु।** रेलवे की टीम ने राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 220 अंकों के साथ रविवार को यहां ओवरऑल खिताब जीता। पुरुष टीम का खिताब 175 अंकों के साथ सेना के नाम रहा, जबकि रेलवे की महिला टीम 156 अंकों के साथ शीर्ष पर रही। सेना के भाला फेंक खिलाड़ी मनु डीपी को 1127 अंकों के साथ सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी घोषित किया गया, जबकि महाराष्ट्र की यमुना लडकत को मीट की सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट चुना गया। उसके नाम 1128 अंक थे। स्वर्ण पदक विजेता मनु ने अपने मीट रिकॉर्ड में सुधार किया। उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 82.06 मीटर था, जो पिछले साल बनाए गए 81.23 मीटर के पिछले रिकॉर्ड से बेहतर रहा। तमिलनाडु ने पुरुषों की चार गुणा 100 मीटर रिले में 39.42 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीतने के साथ-साथ मीट रिकॉर्ड में भी सुधार किया।

### पांच बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया नौवें स्थान पर

## ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को पहली जीत की तलाश

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

अपने पहले दोनों मैच में हार से आहत ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका वनडे विश्व कप में सोमवार को यहां जब एक दूसरे का सामना करेंगे तो उनका लक्ष्य एक दूसरे से बेहतर प्रदर्शन करके जीत की राह पर लौटना होगा। यह दोनों टीम टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। ऑस्ट्रेलिया को जहां भारत और दक्षिण अफ्रीका से करारी हार का सामना करना पड़ा वहीं श्रीलंका की टीम दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान से हार गई थी।

पांच बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की टीम 10 टीमों की अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। उसका नेट रन रेट -1.846 है। श्रीलंका -1.161 के नेट रन रेट के साथ सातवें स्थान पर है। इन दोनों टीमों ने अभी तक टूर्नामेंट में तीनों विभाग में लचर प्रदर्शन किया है। ऑस्ट्रेलिया का खराब क्षेत्ररक्षण वास्तव में हैरान करने वाला है। उसने अभी तक दो मैच में छह कैच टपकाए हैं। यह टूर्नामेंट में अभी तक किसी भी टीम का सबसे खराब प्रदर्शन है। उसकी गेंदबाजी में भी वह पैनापन नहीं दिखा जिसके लिए वह जाने जाते हैं। उसके बल्लेबाज भी नहीं चल पाए हैं और आलम यह है कि उसकी टीम अभी तक 200 रन की संख्या पर नहीं कर पाई है। पहले मैच में उसके बल्लेबाज भारतीय स्पिनरों के सामने नहीं चल पाए जबकि दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने उनकी बखिया उधेड़ दी थी।




### श्रीलंकाई गेंदबाज लुटा रहे रन

श्रीलंका की टीम भी अभी तक टूर्नामेंट में अपेक्षानुरुप प्रदर्शन नहीं कर पाई है। उसके बल्लेबाजों ने बेहतर खेल दिखाया है तथा पिछले दोनों मैच में 320 से अधिक का स्कोर बनाया लेकिन गेंदबाजी उसके लिए चिंता का विषय है। कई प्रमुख गेंदबाजों की अनुपस्थिति में खेल रही श्रीलंका की टीम ने अभी तक दो मैच में 775 रन लुटाए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ एक समय उसकी टीम जीत की तरफ बढ़ रही थी लेकिन 20 वर्षीय मथीशा पथिराना जैसे युवा गेंदबाजों की अनुभवहीनता उसकी राह में रोड़ा बन गई। इससे पाकिस्तान विश्व कप में रिकार्ड लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा। श्रीलंका को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच से पहले एक और करारा झटका लगा है। कप्तान दासुन शनाका जांघ की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह कुसाल मेंडिस टीम का नेतृत्व करेंगे।

## पाकिस्तान के बल्लेबाज मेरी गेंदों को नहीं समझ पाए, स्वीप शॉट को लेकर भ्रम में थेः कुलदीप

नई दिल्ली। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव का मानना है कि वह पाकिस्तान के बल्लेबाजों के दिमाग में भ्रम पैदा करने में सफल रहे, जिन्होंने शनिवार को यहां खेले गए विश्व कप मैच में उनकी गेंदों को समझे बिना जोखिम भरा स्वीप शॉट खेलने का प्रयास किया। कुलदीप ने सौद शकील और इफ्तिखार अहमद के महत्वपूर्ण विकेट लिए। इन दोनों ने बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर की गेंद पर स्वीप शॉट खेलने के प्रयास में अपने विकेट गंवाए। कुलदीप से पूछा गया कि क्या उन्होंने इफ्तिखार के पांव को निशाना बनाकर गेंदबाजी करने की रणनीति बनाई थी तो उन्होंने इसका दिलचस्प जवाब दिया। कुलदीप ने भारत की सात विकेट से जीत के बाद संवाददाताओं से कहा, नहीं मैंने ऐसी योजना नहीं बनाई थी लेकिन मैं गुगली कर रहा था तो मैंने ऐसा प्रयास किया। वह थोड़ा शॉर्ट पिच गेंद थी जो बाहर जा रही थी और इस गेंद पर उसके लिए स्वीप करना मुश्किल था। इफ्तिखार ने ऑफ स्टंप से बाहर जा रही गेंद को स्वीप करने के प्रयास में अपने विकटों में खेल दिया था। कुलदीप ने कहा, यह विकेट मुझे भाग्य से मिला और इस तरह के विकेट से बल्लेबाजों पर दबाव बढ़ता है। वे मेरी गेंद को नहीं समझ पाए और इसको लेकर भ्रम में थे कि वे मेरी गेंद पर स्वीप शॉट लगाएं या सामान्य बल्लेबाजी करें। मैं हालांकि उसे बेहतर तरीके से आउट करना पसंद करता। असल में कुलदीप को वह ओवर नहीं करना था और उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा से बात करने के बाद ही यह ओवर किया था। कुलदीप ने कहा, मुझे लगा कि वे स्वीप शॉट खेलने का प्रयास करेंगे क्योंकि वे ऐसा करने के लिए जाने जाते हैं।

# आस्था का अनूठा सैलाब छिपा है दिल्ली के मंदिरों में



| मां शैलपुत्री प्रथम नवरात्र | मां ब्रह्मचारिणी द्वितीय नवरात्र | मां चंद्रघंटा तीसरा नवरात्र | मां कूष्माण्डा चौथा नवरात्र | मां स्कंदमाता पांचवां नवरात्र | मां कात्यायनी छठा नवरात्र | मां कालरात्रि सातवां नवरात्र | मां महागौरी आठवां नवरात्र | मां सद्धिदात्री नौवा नवरात्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नवदुर्गा मां का प्रथम स्वरूप चंद्रमा का प्रतिनिधित्व करता हैं। कुंडली में चन्द्र अशुभ प्रभाव दे रहा हो तो इनकी पूजा पाठ करना बहुत शुभ है। | दूसरा स्वरूप मंगल ग्रह का प्रतिनिधित्व करता है। पूरे समर्पण के साथ इनकी पूजा की जाती है, तो मंगल के सभी प्रतिकूल प्रभावों को दूर कर सकते हैं। | तीसरा स्वरूप शुक्र ग्रह पर शासन करता है और साहस प्रदान करती है। कुंडली में शुक्र अशुभ प्रभाव दे रहा हो तो इनकी पूजा पाठ करें। | चौथा स्वरूप सूर्य ग्रह का प्रतिनिधित्व करता है। यह नकारात्मक ऊर्जा को दूर करके भविष्य की रक्षा करती है। कुंडली में सूर्य अशुभ प्रभाव दे रहा हो तो इनकी पूजा पाठ करें। | पांचवा स्वरूप बुध ग्रह पर शासन करता है। मां अपने भक्तों पर हमेशा कृपा करती है। कुंडली में बुध अशुभ प्रभाव दे रहा हो तो इनकी पूजा पाठ करें। | छठा स्वरूप बृहस्पति ग्रह पर शासन करता है। इनके भक्त उनके साहस और दृढ़ संकल्प से लाभान्वित होते हैं। कुंडली में गुरु अशुभ प्रभाव दे रहा हो तो इनकी पूजा पाठ करें। | सातवां स्वरूप शनि ग्रह पर शासन करता है। इसके साथ ही यह साहस का प्रतिनिधित्व करता है। कुंडली में शनि अशुभ प्रभाव दे रहा हो तो इनकी पूजा पाठ करें। | आठवां स्वरूप राहु ग्रह पर शासन करता है। यह हानिकारक प्रभावों और नकारात्मक ऊर्जाओं को दूर करता है। कुंडली में राहु अशुभ प्रभाव दे रहा हो तो इनकी पूजा पाठ करें। | नौवां स्वरूप केतु ग्रह पर शासन करता हैं। ये ज्ञान प्रदान करता हैं। कुंडली में केतु अशुभ प्रभाव दे रहा हो तो इनकी पूजा पाठ करना शुभ है। |

**नवरात्रे** रविवार से आरंभ हो चुके हैं। हरवर्ष की तरह इस वर्षॅभी दिल्ली के मंदिर देशभर के शक्तिपीठों की तरह सज धज गए हैं और सब पर मां भगवती की कृपा होती है। मां के अलग-अलग स्वरूप है जिनका पूजन उसी विधान के अनुसार होना चाहिए। सब जानते हैं कि दिल्ली के मंदिरों का एक अलग इतिहास है और हर मंदिर आस्था का सैलाब है। दिल्ली के अनेक मंदिर ऐतिहासिक है। शारदीय नवरात्रों में आस्था का एक सैलाब इन मंदिरों में उमड़ पड़ता है और उसी से संबंधित मंदिरों के बारे में श्रद्धालुओं को यह विश्वास है कि मां दुर्गा के दर्शन कर लेने से उनके मनोरथ पूर्णऍहोते हैं। मां की कृपा हर किसी पर बनी रहती है।



## श्री आद्या कात्यायनी शक्तिपीठ मंदिर छतरपुर-

**छतरपुर** स्थित मां दुर्गा के आद्या कात्यायनी शक्तिपीठ मंदिर में साक्षात मां विराजमान रहती हैं तथा अष्टमी और नवमी पर 20-25 लाख लोग आते हैं। विधिवत पूजन एवं प्रसाद वितरण और मां के खुले दर्शन यहां की विशेषता है। संत शिरोमणि परमपूज्य श्री दुर्गाचरणानुरागी बाबा संत नागपाल जी इस मंदिर के संस्थापक थे, जो ब्रह्मलीन हैं। मंदिर में एक विशाल



श्री आद्या कात्यायनी शक्तिपीठ मंदिर, छतरपुर

बरगद के पेड़ के तने से लाखों धागे बंधे हैं। ये सब मनौतियां हैं, जब ये पूरी हो जाती हैं तो इन्हें खोलना होता है। यह सिलसिला अनंत है। बाबा अपनी जुबानी कहा करते थे कि दिल्ली प्रदेश के 300 से अधिक गांवों की नाम श्रृंखला देखने के बाद हृदय में आया कि छतरपुर में ही श्री मां दुर्गा कात्यायनी की चरण पादुका स्थापित की जाए और श्री मां की चरण छाया में समस्त धर्म प्राण बंधु, आस्तिकजन तथा मातृ परिवारों के लिए यह स्थान पूजा, शक्ति और आराधना का केन्द्र बने। उक्त मंदिर मानो एक स्वर्ग है। सच तो यह है कि व्यक्ति अपनी सुख-सुविधा और समृद्धि के लिए अन्य जन की इच्छाओं का शमन कर अपनी इच्छा का प्रदर्शन कर स्वत: आशक्त कार्यों से मैत्री करके, सतकर्मों का त्याग कर दुर्जन, दुर्व्यवहारी, दुष्कर्मी व्यक्ति से मैत्री कर जो सुख वह प्राप्त करता है, वह वैसे ही नश्वर और क्षणिक होता है जैसे निराशा भरी अंधेरी रात में जुगनू के पंखों की ओर से एक पतली क्षीण किरण फूटती है और प्रात: कालीन सूर्य की उगती हुई किरणों में विलीन होकर नष्ट होती है।

## इतिहास झंडेवालां मंदिर का

**राजधानी** के बीचोंबीच, उसके हृदय में बसा 'झंडेवाला देवी मंदिर' निश्चय ही अपने नगर की धड़कन है। वर्ष भर सभी मौसम में बिना किसी भेदभाव के लाखों की संख्या में भारत से ही नहीं, विदेशों से भी भक्तगण इस मंदिर में देवी के दर्शन करने आते हैं। नवरात्रों में यहां उमड़ती भक्तजनों की भीड़ तो स्वयं में एक दर्शन बन जाती है। निश्चय ही यह एक सिद्ध मंदिर है। जिस किसी भी मानवीय चेतना ने देवी के दर्शन किए वह यहां से एक गहरी शांति और शक्ति की अनुभूति लेकर ही लौटती है। भक्तजनों को आशीर्वाद के रूप में



झंडेवालां मंदिर

देवी का प्रसाद मिलता ही है। ''झंडेवाला देवी मंदिर'' का धार्मिक महत्व ही नहीं, ऐतिहासिक महत्व भी है। झंडेवाला मंदिर की मान्यता इतनी अधिक है कि नवरात्रों में एक बार दर्शन करने भर से ही यहां सबके मनोरथ पूर्ण होते हैं और स्वयंसेवकों की श्रद्धालुओं के लिए जो व्यवस्था है उसका कोई जवाब नहीं।

सोसायटी की ओर से श्री सेठी जी ने बताया कि श्री कुलभूषण आहूजा, दौलतराम, श्री विनोद गांधी, रविन्द्र कुमार सहित हजारों सेवादार खुद पूरी की पूरी व्यवस्था को सुचारू रूप प्रदान करते हैं। प्रतिदिन लाखों लोगों का शांतिपूर्वक मां झंडेवालान के दर्शन करना यह मां की कृपा से शानदार व्यवस्था का ही प्रमाण है। पूजारी श्री गंगाधर जोशी जी बड़ी विधि एवं विधान के साथ मां के सभी स्वरूपों का पूजन करवाते हैं। रविन्द्र गोयल ने बताया कि मंदिर को 21वीं सदी के अनुकूल सुधारने और निखारने के एक अन्य क्रियात्मक प्रयास में कार्यरत हैं। बद्रीभगत जी के सपनों को साकार करने में जुटी बद्रीभगत झंडेवाला मंदिर सोसायटी को अटूट विश्वास है कि उन्हें अपनी सफलता के लिए देवी का आशीर्वाद अवश्य मिलेगा। नि: स्वार्थ समर्पित सेवाओं के लिए झंडेवाला देवी का प्रसाद उसके भक्तों को निश्चय ही मिलता है। महान भक्तध्यानों बद्रीदास जी ने हमेशा से ही मां के चरणों में अपना ध्यान लगाए रखा और मां की अनुकंपा से यहां आने वाले हर श्रद्धालु का ध्यान मां के चरणों में लगता है। जमीन से मां की जो प्रतिमा मिली उसे उसी रूप में प्राण-प्रतिष्ठित कराया गया और मंदिर के ऊपर विशाल झंडा लहरा रहा है। इसी के नाम पर मंदिर का नाम भी झंडेवालान मंदिर है।

## संतोषी माता मंदिर, हरिनगर

**संतोषी माता** मंदिर जेल रोड़, तिलक नगर में नवरात्र महोत्सव शनिवार को मां संतोषी की असीम कृपा से भक्त अमित सक्सेना जी की देखरेख में यहां अखंड ज्योत क्लश स्थापना के साथ ही प्रज्ज्वलित हो चुकी है। मां संतोषी



संतोषी माता मंदिर, हरिनगर

के दर्शन से श्रद्धालु धन्य हो उठते हैं। नवरात्रों के शुक्रवार को महंत अमित सक्सेना जी स्वयं संतोषी माता स्वरूप में चौंकी पर विराजमान रहते हैं। रविवार को 103वां महोत्सव ज्योत प्रचंड के साथ आरंभ हुआ और मंदिर के प्रवक्ता अशोक गोयल ने बताया कि आगामी रविवार की रात भगवती जागरण और नवमी की सुबह सोमवार को कन्यापूजन होगा। चौकी मंगलवार की रात्रि होगी जबकि सोम, बुध और वीरवार को दिन में होगी। उल्लेखनीय है कि यहां नवरात्रों के दिनों में मां संतोषी की असीम कृपा से भक्त अमित सक्सेना जी की देखरेख में और उनके सान्निध्य में जब भजन कीर्तन होता है तो मंदिर में मां संतोषी की अष्ट धातु प्रतिमा मानो अपनी कृपा दृष्टि भक्तों पर लूटा देती है। अखंड ज्योति प्रकाश, संकीर्तन, दुर्गा सससती पाठ और भंडारा नियमित शुरू हो चुका है। इस अवधी के दौरान व्रत धारियों और आम लोगों के लिए अटूट भंडारा चलता है। दो-दो किलोमीटर लम्बी लाइनें मंदिर में प्रवेश के लिए लगती हैं। हर कोईऍकिसी न किसी आस्था के तहत ही मंदिर आता है। शुक्रवार को मां संतोषी की विशेष चौंकी पर जब अमित सक्सेना जी भक्तों की समस्याएं सुनते हैं तो उनके निदान के उपाय माता की अनुकंपा से वह बताते हैं यही एक विशेष चौंकी है। भुवनेश्वर के दीपक राव को शादी के 5 वर्ष बाद पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। वह यहां अपनी बुआ के साथ आए तो वह मंदिर में मां संतोषी की प्रतिमा के समक्ष मन्नत मांग कर गए कि संतान होने पर वह मां का उद्यापन करेंगे। जब उनकी मनौती पूरी हुई तो उन्होंने मंदिर में उद्यापन किया। मानो तो भगवान, न मानो तो पत्थर है, बस अपनी-अपनी आस्था की बात है। बुंदेलखंड से आने वाले व्यापारी दरवेश कुमार का व्यापार डूब चुका था, परंतु यहां मन्नत मांगी और छह माह में पूरी हो गई तो वह हर नवरात्रे उत्सव पर मंदिर श्रद्धापूर्वक आते हैं। गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के दूरदराज से श्रद्धालु यहां नवरात्रों में आते हैं। प्रतिदिन दोपहर से रात तक भंडारा चलता रहता है। व्रतधारियों के लिए अलग तथा गैर व्रत वालों के लिए अलग भोजन। जहां भडारा तैयार होता है, मानो एक यज्ञ स्थल हो। एक ही पांत में 300 सेवादारों की पंक्ति प्रसाद की पूरियों को तलने में लगी है तथा महिलाओं की फौज सब्जी की तैयारी में रहती है। स्वयं महंत जी मां को भंडारे का प्रसाद चढ़ाते हैं और श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण देर रात तक चलता है। सेवादारों तथा दान देने वालों की भी कतारें हैं, आस्था या विश्वास या पुण्य कमाने की कोई परिभाषा नहीं।

## चांदनी चौक का गौरी शंकर मंदिर

**चांदनी** चौक अगर अपनी साम्प्रदायिक सद्भावना प्रस्तुतिकरण के लिए मशहूर है तो वहीं धार्मिक समभाव का भी अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करता है। नवरात्रों में राजधानी में श्रद्धालु जहां मां दुर्गा को खुश करने के लिए व्रत रखते हैं वहीं वे पूजा-अर्चना भी बहुत विधिवत ढंग से करते हैं। भारत का सबसे बड़ा साम्प्रदायिक सद्भाव केन्द्र राजधानी के चांदनी चौक से बढ़कर कोई और नहीं। कहीं मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा तो कहीं चर्च मानो साम्प्रदायिक भाईचारा चांदनी चौक की धरोहर है। चांदनी चौक इलाके में सर्वधर्म सद्भाव की गंगा सारा साल बहती है। शिव-गौरी मंदिर में मां पार्वती और जगदम्बा जी के दर्शन कर पुण्य कमाने की होड़ लगी हुई है। खूबसूरत संगमरमरी पत्थरों से बना गौरी शंकर मंदिर हिन्दुओं के लिए आस्था एवं उपासना का महान केन्द्र है।

## कालकाजी मंदिर

**कालकाजी** मंदिर में मां कालका की प्राचीन प्रतिमा के दर्शन तथा यदि श्रद्धालुओं को कुछ पाना है तो विधिपूर्वक पूजन अनिवार्य है। यह मां कालकाजी की कृपा ही है कि श्रद्धालु समूचे उत्तरी भारत से यहां आते हैं। वैसे यहां कन्या पूजन का



मां कालिका, कालकाजी मंदिर

विशेष महत्व है जो कि अष्टमी तथा नवमी को होता है। कालकाजी मंदिर के संचालक महंत सुरेन्द्र नाथ अवधूत को यकीनन मां कालकाजी की सिद्धि है तथा मंत्र पूजा में उनका सचमुच कोई सानी भी नहीं। विश्व कल्याण यज्ञ हो या सर्वकामनापूर्ण यज्ञ, उनके मंत्रोच्चारण व विधिपूर्वक पूजन में मां भगवती की विशेष कृपा रहती है। वह इस मंदिर के विकास के लिए सक्रिय हैं तथा उनकी देखरेख में ही यहां पूजा होती है। ●

# धन लेन-देन की व्यवस्था

**आदेय राजांश:**
प्रजा से कर लेने का प्रकार-जो व्यापार करने वाले व शिल्पी को सुवर्ण और चांदी का जितना लाभ हो उसमें से पचासवां भाग, चावल आदि अन्नों में छठा, आठवां व बारहवां भाग लिया करे। और जो धन ले तो भी उस प्रकार से ले कि जिससे किसान आदि खाने-पीने और धन से रहित होकर दुख न पाए। इस जन्म व परजन्म में उत्तम कीर्ति को प्राप्त होता है,ऍक्योंकि जो यह वाणी है वही वेदों में सत्कार और तिरस्कार का कारण लिखी है। जो सत्य बोलता है वह प्रतिष्ठित और मिथ्यावादी निंदित होता है।सत्य बोलने से साक्षी पवित्र होता और सत्य ही बोलने से धर्म बढ़ता है। इससे सब वर्णों में साक्षियों को सत्य ही बोलना योग्य है। आत्मा का साक्षी आत्मा और आत्मा की गति आत्मा है इसको जानकर हे पुरुष! तू सब मनुष्यों का उत्तम साक्षी अपने आत्मा का अपमान मत कर अर्थात सत्य भाषण जोकि तेरी आत्मा, मन-वाणी में है वह सत्य और जो इससे विपरीत है वह मिथ्याभाषण है। जिस बोलते हुए पुरुष का विद्वान क्षेत्रज्ञ अर्थात शरीर का जाननेहारा आत्मा भीतर शंका को प्राप्त नहीं होता उससे भिन्न विद्वान लोग किसी को उत्तम पुरुष नहीं जानते। हे कल्याण की इच्छा करनेहारे पुरुष! जो तू 'मैं अकेला हूं' ऐसा अपनी आत्मा में जानकर मिथ्या बोलता है सो ठीक नहीं है, किंतु जो दूसरा तेरे हृदय में अंतर्यामी रूप से परमेश्वर पुण्य-पाप का देखने वाला मुनि स्थित है, उस परमात्मा से डरकर सदा सत्य बोला कर।

**नृत साक्षी को दंड :** जो लोभ, मोह, भय, मित्रता, काम, क्रोध, अज्ञान और बालकपन से साक्षी दे वह सब मिथ्या समझी जाए॥ 1॥ इनमें से किसी स्थान में साक्षी झूठ बोले उसको वक्ष्यमाण अनेकवधि दंड दिया करे॥ 2॥ जो लोभ से झूठी साक्षी दे तो उससे पंद्रह रुपए दस आने दंड ले, जो मोह से झूठी साक्षी दे उससे तीन रुपए दो आने दंड ले, जो भय से मिथ्या साक्षी दे उससे सवा छह रुपए दंड ले, जो पुरुष मित्रता से झूठी साक्षी दे उससे साढ़े बारह रुपए दंड ले।। 3॥ जो पुरुष कामना से मिथ्या साक्षी दे उससे पच्चीस रुपए दंड ले, जो पुरुष क्रोध से झूठी साक्षी दे उससे छयालीस रुपए चौदह आने दंड ले, जो पुरुष अज्ञानता से झूठी साक्षी दे उससे छह रुपए दंड ले और जो बालकपन से मिथ्या साक्षी दे तो उससे एक रुपया नौ आने दंड ले॥ 4॥ दंड के उपस्थेंद्रिय, उदर, जिह्वा, हाथ, पग, आंख, नाक, कान, धन और देह ये दस स्थान हैं कि जिन पर दंड दिया जाता है॥ 5॥ परंतु जो-जो दंड लिखा है और लिखेंगे जैसे लोभ से साक्षीह देने में पंद्रह रुपए दस आने दंड लिखा है, परंतु जो अत्यंत निर्धन हो तो उससे कम और धनाढ्य हो तो उससे दूना-तिगुना और चौगुना तक भी ले ले अर्थात जैसा देश वैसा काल और पुरुष हो उसका जैसा अपराध हो वैसा ही दंड करे॥ 6॥ क्योंकि इस संसार में जो अधर्म से दंड करना है वह पूर्व प्रतिष्ठा वर्तमान और भविष्यत् में (और परजन्म में) होने वाली कीर्ति का नाश करनेहारा है और परजन्म में भी दुखदायक होता है, इसलिए अधर्मयुक्त दंड किसी पर न करे॥ 7॥

# आदतों से मुक्ति का रामबाण है होश

**नरक** से, अशांति से, बंधन से और आंसू से परिमुक्त होने के लिए आवश्यक है कि हम आदत से मुक्त हों। पर मात्र विचार कर लेने से अथवा प्रतिज्ञा-पच्चक्खाण कर लेने से आदत से मुक्त नहीं हुआ जा सकता। उसके लिए आवश्यक है आपका होश। आदतों से मुक्ति का रामबाण उपाय है होश। आप जो भी करें पूरे होश से करें। यदि आप धूम्रपान के आदी बन चुके हैं तो धूम्रपान करते हुए भी अपने होश को जागृत रखें। चाय भी पीएं तो होश से पीएं। यदि आप होश-पूर्वक चाय पी सके तो शीघ्र ही आप चाय से मुक्त हो जाएंगे। होश पूर्वक यदि आप धूम्रपान कर सके तो धूम्रपान से मुक्त हो जाएंगे। अक्सर हम जो भी करते हैं सोए-सोए करते हैं। यंत्रवत करते हैं। जिन चीजों के हम आदी हो जाते है वे चीजें अपने आप होने लगती है। जब आप पहले-पहले कार चलाना सीखते हैं तो पूरी सजगता से कार चलाते हैं। आपका पूरा का पूरा शरीर-तंत्र और मस्तिष्क-तंत्र ड्राइविंग के समय पूरा का पूरा सजग होता है। अपने दाएं, बाएं, आगे और पीछे के बारे में आप पूर्णत: चौकन्ने होते हैं। पर जैसे-जैसे आप कार चलाने में निपुण बनते चले जाते हैं, वैसे-वैसे आपकी सजगता सहज होती चली जाती है। फिर आप के पैर स्वत: ही ब्रेक पर चले जाते हैं, कब कौन-सा गियर डालना है इसके लिए आपको विशेष चिंतन मनन नहीं करना पड़ता है। आप यंत्रवत हो जाते हैं। जैसे यंत्र स्वत: ही काम करता रहता हे वैसे ही आप स्वत: ही कार्य करते रहते हैं। जीवन में हम प्राय: सभी काम यंत्रवत करते हैं। खाना खाते हैं तो यंत्रवत। सोते हैं तो यंत्रवत। हमारा उठना, बोलना, चलना, दुकान जाना, जो कुछ भी है सब यंत्रवत चलता रहता है। इतना ही नहीं, हम स्थान जाते हैं, मंदिर जाते हैं, सामायिक करते हैं, माला करते हैं, यह सब भी यंत्रवत चलता है। हमारी क्रियाओं से भाव विदा हो गया है। होश विदा हो गया है।



मुनि मणिभद्र

जो हमने कल किया था वहीं हम आज करते हैं। वही कल फिर करेंगे। हम यह स्मरण नहीं रखते कि जो कल किया था वह कल का था, जो आज कर रहे हैं वह बिल्कुल नया है। नए को नए की भांति करो। जीवन को ऐसे जीओ जैसे आप पहली-पहली बार गाड़ी चलाना सीख रहे हो या फिर ऐसे जैसे एक बच्चा पहली-पहली बार चलना सीखता है। देखा होगा आपने उस बच्चे को जो पहली-पहली बार चलना सीखता हे। वह पुनः-पुनः गिरता है और पुनः-पुनः नवीन उत्साह और उमंग के साथ उठ खड़ा होता है। पुनः-पुनः वह नए-नए ढंस से अपने शरीर को बैलेंस करने के लिए उत्साहित बनता है।

# पालकी पर विराजमान महाराज श्री अग्रसेन की निकली भव्य शोभायात्रा



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। नवरात्र के प्रथम दिन अग्रकुल जनक श्री महाराजा अग्रसेन की जयन्ती के अवसर पर रविवार को श्री काशी अग्रवाल समाज, वाराणसी द्वारा तीन दिवसीय भव्य आयोजन किया गया जिसके तीसरे व अंतिम कड़ी में महाराज श्री अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यापर्ण, भव्य शोभायात्रा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया` अपराहन में बांसफाटक स्थित शापुरी माल से अग्रकुल जनक श्री महाराज अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई अन्तिम दिन रविवार को कोदई चौकी, बांसफाटक स्थित केसीएम (कन्हैया चित्र मंदिर) से भव्य शोभायात्रा निकाली जिसमें बड़ी संख्या में अग्रबंधु कुर्ता पैजामा व अग्रवाला पगड़ी एवं महिलाएं गुलाबी साड़ी में शामिल हुई साथ ही शोभायात्रा में अग्रवाल समाज के लोगों के साथ श्री काशी अग्रवाल समाज, वाराणसी द्वारा संचालित सभी स्कूल-कालेजों श्री अग्रसेन कन्या पी0जी0 कालेज, श्री अग्रसेन कन्या इण्टर कालेज, श्री अग्रसेन महाजनी विद्यालय, श्री अग्रसेन शिशु विहार के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, कर्मचारी भी शामिल हुए` जो शोभायात्रा को भव्यता प्रदान कर रहे थे इस दौरान मार्ग में कई स्थान-स्थान पर अग्रबंधुओं ने श्री महाराजा अग्रसेन जी की आरती व माल्यार्पण किया` शोभायात्रा चौक, नीचीबाग, बुलानाला होते हुए श्री अग्रसेन वाटिका मैदागिन पहुंची जहां श्री महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर श्री काशी अग्रवाल समाज, वाराणसी एवं समाज द्वारा संचालित सभी संस्थाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों द्वारा माल्यापर्ण के बाद शोभायात्रा टाउनहाल मैदागिन स्थित श्री अग्रसेन कन्या इण्टर कालेज पहुंची` शोभायात्रा में सुसज्जित पालकी पर श्री महाराजा अग्रसेन का तैल्य चित्र विराजमान किया गया था साथ ही घोड़े, झांकी, बैण्ड आदि शोभायात्रा को भव्यता प्रदान कर रहे थे वही शोभायात्रा में सबसे आगे अग्रसमाज का ध्वजावाहक घोड़े पर अग्रसर था जिसके बाद श्री महाराजा अग्रसेन जी रथ पर विराजमान होकर अपने 18 गोत्री वंशजों के पुत्रों के चलें मार्ग दर्शन कर रहे थे जिसके पीछे श्री अग्रसेन कन्या पी0जी0 कालेज, श्री अग्रसेन कन्या इण्टर कालेज, श्री अग्रसेन महाजनी विद्यालय के छात्र- छात्राएं विद्यालय के बैण्ड के साथ एवं समाज के महिला समिति की सदस्याएं शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे` श्री अग्रसेन शिशु बिहार के नन्हे मुन्हे बच्चें अग्रकुल समाज की कुलदेवी श्री लक्ष्मी जी की झांकी के साथ चल रहे थें जिसके बाद श्री काशी अग्रवाल समाज, वाराणसी एवं समाज द्वारा संचालित सभी संस्थाओं एवं अग्रसेन सेवी संस्थाओं के सदस्य महाराजा श्री अग्रसेन की सुसज्जित पालकी को लेकर चल रहे थे` समारोह के अगले व अन्तिम चरण में श्री अग्रसेन कन्या इण्टर कालेज मैदागिन परिसर में सांस्कृतिक समारोह एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया` इस अवसर पर मुख्य अतिथि आरके चौधरी (प्रमुख उद्यमी एवं समाजसेवी) द्वारा पूर्व सभापति अरविन्द कुमार अग्रवाल (नन्हे भैया), अशोक जी सर्राफ एवं पूर्व प्रधानमंत्री बृजप्रकाश अग्रवाल (गोपाल जी),अशोक कुमार अग्रवाल (नाटी इमली) को अग्रसमाज के विकास में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया` इस दौरान श्री काशी अग्रवाल समाज, वाराणसी द्वारा संचालित सभी स्कूल-कालेजों श्री अग्रसेन कन्या पी0जी0 कालेज, श्री अग्रसेन कन्या इण्टर कालेज,श्री अग्रसेन महाजनी विद्यालय, श्री अग्रसेन शिशु बिहार के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतिकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया` इससे पूर्व सांस्कृतिक समारोह एवं गोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आरके चौधरी (प्रमुख उद्यमी एवं समाजसेवी), सभापति संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण प्रधानमंत्री संतोष अग्रवाल कर्णघण्टा, हेमन्त अग्रवाल (संयोजक, श्री महाराज अग्रसेन जयन्ती समारोह- 2023) एवं उपसभापति अरूण अग्रवाल (रूद्रा), नीरज अग्रवाल (आरके मार्बल), रिषभचंद जैन, बल्लभदास अग्रवाल (चम्पालाल) द्वारा कुलदेवी मॉ महालक्ष्मी एवं अग्रकुल जनक 1008 श्री महाराज अग्रसेन के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्जवलन से हुआ कार्यक्रम का संचालन दीपक अग्रवाल लायन्स व डा.रितु गर्ग ने किया` इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंत्री समाज राकेश कुमार जैन, गरिमा टकसाली, पवन अग्रवाल चैतन्य श्री, सचिन अग्रवाल आढ़त वाले, श्री मोहन अग्रवाल, सतीश भूषण अग्रवाल, राजकिशोर चन्द्र अग्रवाल, पवन कुमार मित्तल, रिषिदेव अग्रवाल, मनीष कुमार शाह, हरीश कुमार अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल (डोरी वाले), मदन अग्रवाल मिन्टू, अरविन्द जैन, गणेश अग्रवाल (सिद्धमाता) अर्चना अग्रवाल, ममता अग्रवाल, गिरधरदास अग्रवाल, मोहन अग्रवाल (छत्ता तले), श्री मोहन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# बाल विवाह को रोकने के लिए छात्र-छात्राओं को दिलाई गई शपथ



प्रखर शाहगंज जौनपुर। विकासखंड क्षेत्र सुइथाकला अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मयारी में बाल विवाह को रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया गया। थाने के उप निरीक्षक प्रेम शंकर सिंह व प्रधानाध्यापक तथा शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. रणंजय सिंह ने छात्र-छात्राओं को बाल विवाह रोकने के लिए शपथ दिलाई। बाल विवाह को एक सामाजिक अभिशाप मानते हुए छात्र-छात्राओं ने लोगों को जागरूक करने का दृढ़ संकल्प लिया। मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए उप निरीक्षक ने कहा कि बचपन में ही कम उम्र में विवाह मनुष्य के बहुमुखी विकास में बाधक है। उन्होंने बताया कि शारीरिक और बौद्धिक विकास न होने की वजह से जीवन के प्रति ठोस निर्णय लेने की क्षमता नहीं होती जिससे वह अपने जीवन में सर्वांगीण विकास नहीं कर पाता। प्रधानाध्यापक ने कहा कि बाल विवाह को हर हाल में रोकना चाहिए यह केवल सरकार और प्रशासन की समस्या नहीं है बल्कि हर आम नागरिक तथा हर माता-पिता और अभिभावक की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि जीवन में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बाल विवाह सबसे बड़ी बाधा है। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि कम उम्र में ही विवाह होने से शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्णतया विकास नहीं हो पाता है जिससे शरीर तथा मानसिक रूप से विकलांगता की समस्या उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने बच्चों को शिक्षित करने पर बल दिया। इस अवसर पर महिला कांस्टेबल, चिन्मय विश्वास, सीमा यादव आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## चोलापुर में आयुष्मान कार्ड बनाने को और गति देने के लिए कोटेदारों ने रखी मीटिंग



प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर ब्लाक के कोटे के दुकानदारों ने एक मीटिंग रखी थी जिस में दर्जन भर से ज्यादा कोटेदारों ने मीटिंग में शामिल हुए और मीटिंग में यह फैसला लिया गया कि जिस दुकान पर ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाना है उस दुकान के अगल-बगल के दुकानदार एक दूसरे का मदद करके उस गांव में ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाना है।और चोलापुर ब्लॉक के अंदर अभी भी बहुत सारे लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाना बाकी रह गया है। चोलापुर ब्लाक के अंदर आशा कार्यकर्ता ,और पंचायत सहायक , एएनम का सहयोग अपेक्षा के अनुसार नहीं मिल रहा है। वही प्रखर पूर्वांचल के संवाददाता राहुल चौबे ने जब चोलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक आर,बी यादव से पूछा कि कुछ गांव में आशा और एएनम का आयुष्मान कार्ड बनाने में सहयोग नहीं मिलने की सूचना मिल रही है तो चोलापुर के अधीक्षक आर बी यादव ने सीधा उलट की आरोप लगा दिया की चोलापुर में कोटेदार को ही आयुष्मान कार्ड बनाना है और कोटेदार ही आयुष्मान कार्ड नहीं बना रहे हैं। अब कोटे के दुकानदारों का भी कहना है कि किसी भी आशा और एएनम को किसी भी प्रकार का रिपोर्ट नही देंगे क्योंकि हर गांव की आशा और एएनएम कोटेदारों से यह पूछती है कि आप कितना आयुष्मान कार्ड बनाए हैं उसी हिसाब से वह अपना झूठ रिपोर्ट अपने अधीक्षक को सौंपती हैं। मीटिंग में उपस्थित कोटेदार, रविंद्र कनौजिया, जनार्दन, सूरज, मनीष चौहान, जगदीश सिंह, किशोरी यादव, विकास, राजकुमार श्याम, जी धर्मराज, आदेश चौबे श्याम राज रहे।

## मछुआरा समाज को जानबूझकर कर पिछड़ी जाति में डाला गया : सरवन निषाद



प्रखर खेतासराय जौनपुर। निषाद पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी व विधायक सरवन निषाद ने सपा, बसपा और कांग्रेस पर निशाना साँधा है। उन्होंने कहा कि सरकारों ने मछुआरा समाज को आरक्षण के नाम पर सिर्फ छला है उन्हें हक देने के बजाए अनुसूचित जाति से हटाकर पिछड़ी जाति में शामिल कर लिया। पार्टी सुप्रीमों के नेतृत्व में सूबे भर में उन्हें आरक्षण दिलाने के महाजनसंपर्क यात्रा प्रारंभ हुआ है। वह सोमवार को अब्बोपुर बाजार में निषाद राज की मूर्ति और मंदिर शिलान्यास के मौके पर बतौर मुख्यातिथि सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस समाज को पिछड़ी जाति में डालने वाले धोखेबाज है । उन्हें धोखा दिया गया है । भगवान राम की नैया पार कराने वाले निषाद वंशजो को सत्तर साल तक पव्वा पिलाकर बर्बाद किया गया । लेकिन अब ऐसा नही होगा । निषाद पार्टी पावर के लिए लड़ेगी । समाज को जागरूकता के लिए यह अभियान जारी रहेगा । पूर्व की सरकार ने मछुआरा समाज को अनुसूचित जाति से हटाकर ओबीसी में शामिल किया है । मेरी मांग है उन्हें अनुसूचित जाति में आरक्षण दिया जाए। विशिष्ट अतिथि विधायक रमेश सिंह ने कहा कि निषाद और एलायंस पार्टियों के नेतृत्व में नरेंद्र मोदी की पुनः केंद्र में सरकार बनेगी । सभा को मंत्री प्रतिनिधि अजय सिंह ने भी संबोधित किया । इस से पूर्व निषाद राज की मंदिर का भव्य शिलान्यास हुआ । अध्यक्षता चंद्रेश निषाद जबकि संचालन जितेंद निषाद ने किया । इस मौके पर प्रमुख रूप से डॉ चन्द्रजीत निषाद, संदीप बिन्द, त्रिलोकी बिन्द प्रधान, डॉ चंद्रिका प्रसाद, राम अवतार, उमेश, चंदन कुमार समेत पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 95 बटालियन सीआरपीएफ, सृजन सामाजिक विकास न्यास एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में आज अस्सी घाट पर चला स्वच्छता अभियान

प्रखर वाराणसी। विधायक सौरव श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में जवानों एवं सृजन सामाजिक विकास न्यास के सदस्यों तथा नगर निगम के सफाई कर्मियों के साथ झाड़ू लगाते हुए अगुवाई कर रहें थें एवं श्री सुरेंद्र चौधरी पुलिस उपमहानिरीक्षक रेंज चंदौली, कमांडेंट 95 बटालियन श्री अनिल कुमार बृक्ष के दिशा निर्देश में 95 बटालियन केंद्रीय पुलिस बल, सृजन सामाजिक विकास न्यास, नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में दशा अस्सी घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री सौरभ श्रीवास्तव कैंट विधायक थे, तथा विशिष्ट अतिथि सुजय यादव सहायक कमांडेंट 95 बटालियन थे।गंगा हातिमा अभियान के ब्रांड एंबेसडर एवं सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता किये एवं अस्सी घाट पर उपस्थित सीआरपीएफ के सभी जवानों नगर निगम के सफाई कर्मियों के सदस्य गण तथा आम जनमानस को गंगा को स्वच्छ रखने के लिए शपथ दिलवाई साथ साथ लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया।स्वच्छ भारत का पूरा करेंगे सपना, अपने कार्यो से साफ रखेंगे देश अपना। भारत विश्व गुरु बनेगा, जब भारत स्वच्छता की ओर बढ़ेगा। हर नागरिक का एक ही सपना, स्वच्छ बने भारत अपना। हर व्यक्ति का एक ही सपना, स्वच्छ बने भारत अपना, इसी उद्देश्य से स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। 95 बटालियन के निरीक्षक रामकुमार, प्रवीण सिंह के साथ 95 बटालियन के जवानों बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया,नगर निगम के निरीक्षक दिवाकर पांडे व कर्मचारी आदि लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथासृजन सामाजिक विकास न्यास के बरिष्ट सद्स्य कपीन्द्र तिवारी भी सम्लित हुए।



# मारवाड़ी समाज का युवा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मारवाड़ी समाज वाराणसी द्वारा अग्रसेन जयंती के अवसर पर युवा प्रतिभा सम्मान समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया इस आयोजन में कक्षा 10 एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया इसके साथ-साथ उन छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने विभिन्न प्रतिष्ठापरक प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलताएं प्राप्त की है समारोह के अंतर्गत प्रोफेशनल डिग्री प्राप्त करने वाले इंजीनियर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, डॉक्टर व अन्य युवाओं को भी सम्मानित किया गया कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि काशी हिंदू विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता प्रोफेसर श्याम सुंदर एवं हिंदी विभाग की अध्यक्षा प्रोफेसर रामकली सराफ रहे इस अवसर पर अपने उद्बोधन में विशिष्ट अतिथियों ने कहा कि युवा पीढ़ी में असीम ऊर्जा और संभावनाएं हैं देश और समाज के बेहतर भविष्य के लिए योग्य युवाओं का आगे आना अत्यंत आवश्यक है सामाजिक मंच पर इस प्रकार के सम्मान समारोह से न केवल प्रतिभाशाली युवाओं का उत्साह बढ़ता है बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी अच्छे



प्रदर्शन हेतु प्रेरणा मिलती है` शिक्षा और संस्कार वह अनमोल उपहार है जो हम अपनी युवा पीढ़ी को प्रदान कर सकते हैं और इस निवेश के बल पर यह युवा पीढ़ी आगे आने वाले समय में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर सकती है भारत के युवा पूरे विश्व में अपनी शैक्षणिक योग्यता का परचम लहरा रहे हैं और हमें इस गौरवमयी परंपरा को आगे बढ़ाना है प्रारंभ में मारवाड़ी समाज वाराणसी के अध्यक्ष पुरुषोत्तम जालान मंटू ने अपना अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत किया और समाज के लोगों से आगे आकर सहयोग करने और बेहतर भविष्य के लिए साथ-साथ चलने का आग्रह किया प्रधानमंत्री महेश चौधरी ने पिछले दिनों हुए कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की और भविष्य के आयोजनों के बारे में पर प्रकाश डाला` समारोह को मारवाड़ी समाज के संरक्षक मंडल के अध्यक्ष दीपक बजाज, मंत्री जगदंबा तुलस्यान और गीता प्रेस ट्रस्टी कृष्ण कुमार खेमका ने भी संबोधित किया` इस अवसर पर विषय प्रवर्तन करते हुए प्रेरक वक्ता अनिल के जाजोदिया ने कहा कि युवाओं को बाहरी दबाव की बजाय स्वप्रेरणा से अपने लक्ष्यों की दिशा में सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने चाहिए` वर्तमान दौर का जिक्र करते हुए अनिल ने कहा कि ऐसे समय में जब युवाओं के चारों ओर ध्यान भटकाने वाली बहुत सारी गतिविधियां और उलझने हैं उन्हें स्वयं पर और अपने उद्देश्यों पर ध्यान बनाए रखना चाहिए समय बड़ा मूल्यवान है और एक बार गंवाया गया समय लौटकर नहीं आता व तब केवल पछतावा रह जाता है` सम्मान समारोह के अंतर्गत प्रतिभाशाली युवाओं के साथ-साथ उनके माता- पिता का भी अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया कार्यक्रम का संयोजन यदुदेव अग्रवाल व प्रवीण मखरिया, धन्यवाद प्रकाश कृष्ण गोपाल तुलस्यान और संचालन मनीष लोहिया ने किया। कार्यक्रम के विशेष सहयोगी के रूप में मनीषाअग्रवाल, स्मिता लोहिया, मधु तुलस्यान, रघुदेव अग्रवाल आदि की उल्लेखनीय भूमिका रही ` इस अवसर पर सम्मानित होने वाले बच्चों में आदि प्रमुख रहे।

## मांझा पुलिस व स्वाट टीम ने हेरोईन व एक सफारी के साथ 4 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

प्रखर पूर्वांचल गाजीपुर। थाना रामपुर- मांझा के द्वारा पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध व अपराधियों के अभियुक्त के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में कार्रवाई करते हुए दिनांक 15, 10, 2023 को थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार के कुशल नेतृत्व में मम हमराहीगण हे0कां0 रवि राय का0 संदीप बिंद उ0नि0 संजय कुमार सरोज कां0 बलराम चौहान कां0 यशवंत वर्मा व स्वाट टीम गाजीपुर के हे0 कां0 विनय यादव हे0कां0 संजय रजावत कां0शैलेंद्र यादव कां0 राकेश सोनकर के द्वारा मुखवीर खास की सूचना पर मलिकशाहपुर अंडर रेलवे क्रॉसिंग के पास से अभियुक्तगण 1- राजेश सिंह यादव उर्फ रंगीला यादव पुत्र स्व0- सीताराम यादव निवासी देवकली थाना रामपुर- मांझा जनपद- गाजीपुर उम्र करीब 45 वर्ष 2- अंकित सिंह पुत्र रविंद्र नाथ यादव निवासी देवकली थाना रामपुर- मांझा जनपद- गाजीपुर उम्र करीब 22 वर्ष 3-मनोहर लाल पुत्र हीरालाल ग्राम बिनोलिया थाना - अकलेरा जनपद- झालावाड़ राजस्थान उम्र करीब 45 वर्ष 4- दुर्गा लाल पुत्र फूल सिंह निवासी जिकडिया थाना - गाटोली जनपद झालावाड़ राजस्थान बिहार थाना- घाटोली जनपद- झालावाड़ राजस्थान को मैं कुल 1170 ग्राम नाजायज हीरोइन वह एक अदत वाहन सफारी के साथ गिरफ्तार किया गया । तथा मौके से एक नफर अभियुक्त सुभाष यादव स्व0 सीताराम यादव निवासी ग्राम देवकली थाना- रामपुर-मांझा फरार हो गया अभियुक्त गण को गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर मु0अ0सं0 65/2023 धारा 08/21 एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत अग्रिम कार्रवाई की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### रात भर चला तरही नज्म ख्वानी का मुकाबला, अंजुमन चारयारी बड़ी मस्जिद रही अव्वल



प्रखर जौनपुर। शहर के मल्हनी पड़ाव स्थित मस्जिद के सामने एक प्रोग्राम जलसा ए सीरतुल नबी,व तरही नजम ख्वानी का मुकाबला रहमानिया सीरत कमेटी के बैनर तले हुआ,जिसमे शहर के अलावा दूर दराज से आई अंजुमनों ने नात का शमा बांधा,उक्त कार्यक्रम मरहूम हजरत मौलाना सूफी संत जफर अहमद सिद्दीकी की याद में रखा गया था,पैकरे अदल का फैसला देखे पढ़ कर नासिर जौनपुरी ने एक अलग ही शमा बांध दिया ,वही मौलाना हनीफुल कादरी और मुफ्ती अब्दुल रहमान ने हुजूर की सीरत और सहाबा के बारे में विस्तार से व्याख्यान किया ,अकरम जौनपुरी,अहमद निसार गाजीपुरी सहित दर्जनों नात ख्वां ने एक से एक बेहतरीन नाते रसूल पढ़ी। इस मौके पर अंजुमन चारयारी बड़ी मस्जिद अव्वल रही। द्वितीय अंजुमने हैदरिया मुल्ला टोला तो तृतीय अंजुमने गुलामने मुस्तफा इंद्रा मार्केट रही। कार्यक्रम का संचालन साजिद अलीम और मास्टर शमीम ने संयुक्त रूप से किया, इस मौके पर आमिर खान भादो, सलीम खान, सद्दाम हुसैन, अब्दुल कादिर प्रिंसिपल, रियाजुल हक, शकील अहमद ड्रग्स, इरशाद मंसूरी, हबीब खान, माज राइन, बख्तियार आलम आदि मौजूद रहे।

### शपथ लेता हूं कि मैं बाल विवाह के खात्मे का हरसंभव प्रयास करुंगा ताकि हर लड़की स्वतंत्र, सुरक्षित और शिक्षत हो सके : पुलिस अधीक्षक



प्रखर संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सन्तकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक सन्तकबीरनगर संतोष कुमार सिंह की उपस्थिति में कार्यालय पुलिस अधीक्षक सन्तकबीरनगर पर कार्यालय के समस्त कर्मियों को बाल विवाह रोकने हेतु शपथ दिलायी गयी। इसी क्रम में जनपद सन्तकबीरनगर के समस्त थानो में पुलिस कर्मियों को बाल विवाह मुक्त प्रदेश बनाये जाने की शपथ दिलायी गयी कि शपथ लेता हु कि मै बाल विवाह के खात्मे का हरसंभव प्रयास करुगा ताकि हर लड़की स्वतंत्र, सुरक्षित और शिक्षित हो सकेह्व। कार्यालय पुलिस अधीक्षक पर शपथ के दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात केशवनाथ, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा, वाचक पुलिस अधीक्षक कृष्णदेव सिंह सहित अन्य अधिकारी तथा कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

### आचार्य सीताराम चतुर्वेदी महिला महाविद्यालय में मनाया गया विश्व खाद्य दिवस



प्रखर वाराणसी। डोमरी, रामनगर स्थित आचार्य सीताराम चतुर्वेदी महिला महाविद्यालय में आज विश्व खाद्य दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. अमित रंजन ने भोजन का हमारे जीवन में उपयोगिता एवं उसमें मिलावट के बारे में संकेत किया। आज भौतिकतावादी युग में व्यक्ति इतना व्यस्त है कि उसके पास दूध लाने के लिए या अन्य कार्य के लिए समय नहीं है। प्राचार्य डॉ. विजय शंकर मिश्र ने खाद्य पदार्थों में मिलावट से अनेक प्रकार के रोगों के बारे में जानकारी दिया। सभी का जीवन शैली सुबह से शाम तक तनाव में बीत रहा है आवश्यकता है कि हम सभी भोजन का सम्मान करें इसका दुरुपयोग करने से बचे और अन्य लोगों में जागरूकता भी फैलाए कि विवाह या अन्य उत्सवों पर भोजन का दुरुपयोग ना हो।कार्यक्रम में डॉ. अरुण कुमार दूबे व डॉ. जया तिवारी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में डॉ. रजनी श्रीवास्तव, सुरभि पांडेय ,डॉ. रचिता सिंह, श्रीमती प्रतिभा गुप्ता, डॉ. अभिजीत, दिव्या सिंह, श्रीमती श्रद्धा पांडेय आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थी।

### पीएन सेंट्रल एकेडमी डोहरिया कला में महिला उत्थान एवं नारी सशक्तिकरण पर चर्चा

प्रखर गोरखपुर। सहजनवां तहसील क्षेत्र के डोहरिया में पी एन सेंट्रल एकेडमी में महिला सशक्तिकरण के अवसर पर श्री एस पी नॉर्थ मनोज अवस्थी। सहजनवा प्रभारी ईत्यानंद पांडे घघसरा चौकी इंचार्ज अवधेश पांडे श्री शक्ति दीदी पूजा यादव ने बताया कि, समाज में महिलाओं को किसी भी प्रकार के शोषण एवं अत्याचार तथा सोशल मीडिया के माध्यम से जो शोषण किया जा रहा है उसे डरे नहीं इसके लिए वह 1090 नंबर जो कि हमारे माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दिया गया है डायल करें जिससे उनकी समस्याओं का निदान किया जाएगा, तथा उन्होंने यह भी बताया कि थाने पर भी शक्ति दीदी उपलब्ध रहेगी जो महिलाओं की समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से निदान करेंगी। इस मौके पर प्रिंसिपल दिव्या तिवारी, प्रबंधक कृष्ण मुरारी तिवारी के साथ समस्त शिक्षक शिक्षिका तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं